● जयपुर, शनिवार, 25 मई 24 ● वर्ष 13 ● अंक 268 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**
"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 भीषण गर्मी में पानी बिजली के इन्तेजाम में देरी से जनता हो रही हलकान...
पेज @5 पेंशनर की समाज सेवा में अहम भूमिका- बेढम..
पेज @8 पुलिस महानिदेशक श्री साहू ने किया आईओ हैंडबुक व इंवेस्टिगेशन...

# राजस्थान में भीषण गर्मी से 8 लोगों की मौत

## 48.8 डिग्री तापमान के साथ बाड़मेर देश में सबसे गर्म



**जयपुर/एजेंसी।**

राजस्थान के चार जिलों-बाड़मेर, बालोतरा, जालौर और भीलवाड़ा में भीषण गर्मी ने आठ लोगों की जान ले ली, जिससे राज्य के कई स्थानों पर अधिकतम तापमान 46-48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। गुरुवार को बाड़मेर 48.8 तापमान के साथ देश का सबसे गर्म स्थान माना गया। मौसम विभाग के अनुसार, गुरुवार को राज्य के सात शहरों में अधिकतम तापमान 47 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो गया। जयपुर मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा कि अगले दो दिनों में गर्मी तेज होगी और 28 मई के बाद पारा थोड़ा कम हो जाएगा। उधर, बालोतरा में भीषण गर्मी से दो लोगों की मौत हो गई।
मूलाराम (55) खेत में काम कर रहा था, तभी गर्मी के कारण उसकी हालत बिगड़ गई। उसके परिवार के सदस्य उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसी तरह, इलाके में एक रिफाइनरी कंपनी में काम करने वाला मंटू (22) बीमार पड़ गया और उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाड़मेर में लू के कारण 35 वर्षीय एक व्यक्ति की भी मौत हो गई।
भीषण गर्मी के कारण भीलवाड़ा और जालौर जिलों से भी मौतें होने की खबरें हैं। बाड़मेर के बाद फलौदी में गुरुवार को अधिकतम तापमान 48.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, इसके बाद फतेहपुर (47.6), जैसलमेर (47.5), जोधपुर (47.4), जालौर (47.3), कोटा (47.2), चूरू (47), डूंगरपुर ( 46.8), चित्तौड़गढ़ (45.5) और जयपुर (44) गर्म रहा। राजस्थान के अधिकांश हिस्सों में अगले तीन दिनों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है।

**न्यूज़ अपडेट**

## दिल्ली समेत उत्तर भारत में 4 दिन चलेगी लू, बारिश को लेकर दक्षिण में रेड अलर्ट

**नईदिल्ली/एजेंसी।** भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने संभावना जताई है कि अगले 4 दिन तक दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में भीषण गर्मी पड़ेगी और लू से जनजीवन मुश्किल होगा।लू की चपेट में राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के इलाके आएंगे। यहां 27 मई तक गर्म हवा से लोगों का सामना होगा।मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और जम्मू के कई इलाकों में भी गर्मी होगी। फिलहाल राहत की कोई संभावना नहीं है। आईएमडी के मुताबिक, दिल्ली में गुरुवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 30.8 डिग्री सेल्सियस था।24 मई से 30 मई तक अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पास पहुंचेगा। न्यूनतम तापमान 31 से 32 डिग्री के आसपास रहेगा।

## वैष्णो देवी जा रही ट्रैवलर बस ट्रक से टकराई, सात की मौत



**अंबाला/एजेंसी।** अंबाला-दिल्ली हाईवे स्थित मोहड़ा के पास शुक्रवार सुबह एक भीषण सड×क हादसे में सात श्रद्धालुओं की मौत हो गई और 20 से ज्यादा घायल हो गए।
सभी श्रद्धालु उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से ट्रैवलर बस में सवार होकर वैष्णो देवी दर्शन के लिए जा रहे थे। तभी अंबाला-दिल्ली हाईवे स्थित मोहड़ा के पास बस और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई।
शुरुआती जांच में सामने आया है कि हाईवे पर ट्रक ड्राइवर ने अचानक ब्रेक लगा दिया, जिस वजह से पीछे से आ रही मिनी बस उससे जा टकराई। इस हादसे में जिन सात लोगों को मौत हुई है, वो एक ही परिवार के सदस्य थे।
पुलिस के अनुसार, हादसे में घायल तीन लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी। जबकि चार लोगों ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अन्य सभी घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। अंबाला के पड़ाव थाने के एसएचओ दिलीप ने कहा कि डॉक्टरों का कहना है कि अभी तक इस हादसे में सात की मौत हो चुकी है।

## शिमला में पीएम मोदी का विपक्ष पर बड़ा हमला

# कहा- मुसलमानों की 77 जातियों को रातों-रात ओबीसी बना दिया

**शिमला/एजेंसी।**

हिमाचल प्रदेश के शिमला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर जमकर हमला बोला। इस दौरान पीएम मोदी ने अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी और कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि इन्होंने मुसलमानों की 77 जातियों को ओबीसी बना दिया। इन्हें हर जगह मलाई मिल रही थी।
उन्होंने रैली को संबोधित करते हुए कहा, इंडी गठबंधन की साजिश का ताजा उदाहरण पश्चिम बंगाल में सामने आया है। 2 दिन पहले ही वहां कलकत्ता हाई कोर्ट ने वहां 77 मुस्लिम जातियों के आरक्षण को खत्म कर दिया। मुसलमानों की 77 जातियों को इंडी गठबंधन वालों ने रातों-रात ओबीसी बना दिया था और ओबीसी का हक उनको दे दिया था। कोर्ट ने मामले को गंभीरता से लिया। इन 77 मुस्लिम जातियों को नौकरी, पढ़ाई में हर जगह मलाई मिल रही थी। ऐसा करके इंडी गठबंधन ने ओबीसी के हक पर डाका डाला और संविधान की धज्जियां उड़ा दी। अब कलकत्ता हाई कोर्ट के फैसले के बाद इंडी गठबंधन वाले बौखलाए हुए हैं। बंगाल की मुख्यमंत्री तो सीधे-सीधे कोर्ट के फैसले को मानने



से भी इनकार कर रही हैं। इनके लिए संविधान और अदालतें कोई मायने नहीं रखती। इनका सबसे सगा अगर कोई है, तो वो इनका वोट बैंक है।
पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि आपने कांग्रेस का दौर देखा है, जब एक कमजोर सरकार देश में हुआ करती थी। उस समय पाकिस्तान हमारे सिर पर चढ×कर नाचता था। कांग्रेस की कमजोर सरकार दुनिया में गुहार लगाती फिरती थी।
पीएम मोदी ने कहा अब भारत दुनिया के सामने भीख नहीं मागेंगा। भारत अपनी लड़ाई लड़ेगा। और फिर भारत ने घर में घुसकर मारा। आज देखिए पाकिस्तान की क्या हालत हो गई है। हिमाचल के ऊंचे पहाड़ों ने मुझे अपना हौसला बुलंद रखना सिखाया है और हिमाचल की बर्फीली पहाड़ियों ने मुझे ठंडे दिमाग से काम करना भी सिखाया है। हिमाचल के ऊंचे पहाड़ों ने मुझे अपना सिर गर्व से ऊंचा रखना सिखाया है। मैं मां भारती का अपमान नहीं सह सकता। लेकिन कांग्रेस, मां भारती के अपमान से भी बाज नहीं आती। कांग्रेस को 'भारत माता की जय' कहने से दिक्कत है, कांग्रेस को 'वंदे मातरम' कहने से दिक्कत है। ऐसी कांग्रेस कभी हिमाचल का भला नहीं कर सकती।
पीएम मोदी ने आगे कहा, यही कांग्रेस है जिसने भारत के सीमावर्ती इलाकों को अपने हाल पर छोड़ दिया था। जब बॉर्डर स्टेट में सड़क बनाने की बात आती थी तो कांग्रेस के हाथ-पांव फूल जाते थे। कांग्रेस डर जाती थी कि अगर सड×क बनाई तो उसी सड×क से दुश्मन भीतर आ जाएगा। ऐसी डरपोक सोच मोदी के मिजाज के साथ मेल नहीं खाती। मोदी ने कांग्रेस के मुकाबले कहीं ज्यादा पैसे दिए, मोदी ने कहा सड×कें बनाओ, इन्फ्रास्ट्रक्चर करो, आज बॉर्डर किनारे सैकड़ों किलोमीटर नई सड×कें बनी। आज बॉर्डर किनारे रहने वाले फौजियों का जीवन आसान हुआ है।
उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने चार दशक तक फौजी परिवारों को वन रैंक वन पेंशन के लिए तरसाया। कांग्रेस ने ऐसा मजाक बनाया, देश के पूर्व सैनिकों की आंखों में धूल झोंकी और ऐसा पाप करने में उनको शर्म भी नहीं आई। 2013 में जब भारतीय जनता पार्टी ने मुझे प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया और रेवाड़ी में मेरी पहली रैली पूर्व सैनिक के साथ हुई थी तो मैंने रेवाड़ी में पूर्व सैनिकों के सामने वादा किया था कि मैं वन रैंक वन पेंशन लागू करूंगा। फिर कांग्रेस वाले डर गए, ये मोदी ने नया खेल खेला है तो उन्होंने रातों-रात अफरा-तफरी में बजट में कहा कि हम भी वन रैंक वन पेंशन लागू करेंगे। लेकिन इन्होंने क्या किया। 500 करोड़ रुपये का टोकन डालकर कह दिया कि वन रैंक वन पेंशन लागू करेंगे। फौज के साथ ये मजाक था। मोदी ने इसे आकर लागू किया।

## पीएम मोदी की रैली में जा रहे हंसराज हंस पर हमला, बोले अगर जिंदा रहा तो फिर मिलेंगे



**फरीदकोट/एजेंसी।** पंजाब के फरीदकोट लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार हंसराज हंस जोरों शोरो से चुनाव प्रचार कर रहे है। वहीं इसी बीच हंसराज हंस भावुक नजर आए। उन्होंने यह तक कह दिया कि अगर जिंदा रहा तो 1 जून के बाद मिलेंगे।
हंसराज हंस का कहना है कि पिछले दिनों पीएम मोदी की रैली में पहुंचते वक़्त मुझ पर जानलेवा हमला हुआ। प्रदर्शनकारियों ने मुझ पर तलवारों, पत्थरों से हमला किया। कुछ लोगों ने मेरी गाड़ी तोड़ी। उन्होंने कहा कि मेरे गनमैन भी ज×ख्मी हुए है। उन्होंने आगे कहा कि पीएम मोदी ने ही मुझे बचा कर लाने के आदेश दिए थे। पुलिस फोर्स नहीं पहुंचती तो कुछ भी हो सकता था। बता दें कि रैली के लिए जा रहे फरीदकोट से भाजपा प्रत्याशी हंस राज हंस की गाड़ी को किसानों ने घेर लिया था।
वहीं दूसरी तरफ किसान नेता सुरजीत सिंह फूल ने हंस राज हंस के आरोपों जवाब देते हुए कहा कि प्रदर्शनकारियों के पास हथियार नहीं झंडे थे। हमने ही उनको वहां से निकलवाया। कुछ भी हो सकता था। इन्हे भी सोचना चाहिए की किसान इतने नाराज़ क्यों हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस दौरान किसी किसान ने डंडा मार हंस की गाड़ी का पिछला शीशा तोड़ दिया था, गनीमत रही कि गाड़ी में बैठे हंसराज हंस को कोई चोट नहीं आई थी।

## आजम खान को बड़ी राहत, 7 साल की सजा पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक, मिली जमानत

**इलाहाबाद/एजेंसी।** फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में सपा नेता आजम खान, उनकी पत्नी तजीन फातिमा और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खान को बड़ी राहत मिली है। इलाहाबाद हाईकोर्ट से उन्हें जमानत मिल गई है। वकील शरद शर्मा ने जानाकारी दी है कि तीनों को जमानत दे दी गई है। आजम खान की सजा पर रोक लगा दी गई है और तज़ीन फातिमा और अब्दुल्ला आजम की सजा खारिज कर दी गई है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के सजा के फैसले पर भी रोक लगाई है। पहले रामपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने तीनों को 7 साल की सजा सुनाई थी। अब आजम खान के सक्रिय राजनीति में लौटने का रास्ता साफ होता दिख रहा है। वहीं, जमानत मिलने के बाद आजम खान का परिवार जेल से बाहर आ सकता है। आजम के साथ-साथ पत्नी और बेटे को भी हाई कोर्ट जमानत दे दी है।

## 102 की रफ्तार से चलेंगी हवाएं, होगी जोरदार बारिश

# चक्रवाती तूफान रेमाल देने वाला है दस्तक

**नईदिल्ली/एजेंसी।**

भीषण गर्मी के बीच देश के इन इलाकों में चक्रवाती तूफान का खतरा मंडरा रहा है. भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक साइक्लोन रेमाल तेजी से आगे बढ़ रहा है. इसकी रफ्तार 102 किलोमीटर प्रति घंटा बताई जा रही है. यही वजह है कि आईएमडी ने इसको लेकर अलर्ट जारी कर दिया है. कई इलाकों में भारी बारिश की चेतावनी भी जारी की गई है. आईएमडी के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में विकसित हो रहा चक्रवाती तूफान रेमाल जल्द ही पश्चिम बंगाल में दस्तक दे सकता है.



साइक्लोन को लेकर आईएमडी की ओर से तारीख भी बता दी गई है. चक्रवाती तूफान रेमाल 102 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पश्चिम बंगाल की ओर बढ़ रहा है. मौसम विभाग के मुताबिक ये तूफान 26 मई यानी रविवार को पश्चिम बंगाल में अपनी आमद दर्ज करवा सकता है. इसके साथ-साथ इसके बांग्लादेश के तटों के पास पहुंचने की भी संभावना बनी हुई है.
आईएमडी के मुताबिक पश्चिम मध्य और उससे सटे दक्षिण बंगाल की खाड़ी पर बना कम दबाव का क्षेत्र बीते 12 घंटों के दौरान उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ गया है. वहीं गुरुवार शाम साढ़े पांच बजे उसी क्षेत्र पर दबाव बन रहा है. शुक्रवार की सुबह तक ये बंगाल की खाड़ी के मध्य वाले हिस्सों पर एक निम्न दबाव का क्षेत्र बनाएगा.
चक्रवाती तूफान रेमाल की बात करें तो इसका असर रविवार और सोमवार यानी 26-27 मई को पश्चिम बंगाल के साथ-साथ उत्तरी ओडिशा, मिजोरम, त्रिपुरा और दक्षिण णिपुर में देखने को मिल सकता है. इन राज्यों में भारी बारिश की संभावना भी बन रही है.
इसके अलावा आईएमडी ने पश्चिम बंगाल के तटीय जिलों उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना और पूर्व मेदिनीपुर में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा के साथ कई क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है.
साइक्लोन रेमाल के चलते समुद्री गतिविधियां भी बदल जाती हैं. लिहाजा मौसम विभाग की ओर से 25 मई से ही समुद्री इलाकों में मछुआरों को न जाने की सलाह दी गई है. इसको लेकर अलर्ट भी जारी किया गया है.

## विपक्षी घमंडिया गठबंधन : जो दलित, आदिवासी, पिछड़ा और अतिपिछड़ा विरोधी है : जेपी नड्डा

● **पूरे देश का एक ही स्वर है कि जो राम को लाएं हैं हम उनको लाएंगे: योगी आदित्यनाथ**

**कुशीनगर/एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में जब सही जगह बटन दबता है तो एम्स, मेडिकल कॉलेज, एग्रीकल्चर टेक्निकल यूनिवर्सिटी मिलता है और गलत जगह बटन दबता है तो अराजकता और अन्याय का राज आता है।उत्तर प्रदेश पहले असुरक्षा, अराजकता और माफियाराज का गढ़ बना हुआ था। जहाँ हमारी बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं थीं, व्यापारी पलायन कर रहे थे।आज मोदी जी के आशीर्वाद और योगी जी के परिश्रम से गुंडे-माफिया जमीन में दफन कर दिए गए या जेल में बंद हैं और प्रदेश शांति व विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। गोरखपुर में 'अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान' की स्थापना, कुशीनगर में मेडिकल कॉलेज की स्थापना अकल्पनीय थी। यह योगी जी के प्रयासों और मोदी जी के आशीर्वाद से संभव हुआ है।श्री नड्डा ने कहा कि आने वाले समय में आपके घर का बिजली का बिल जीरो हो जाएगा। पीएम सूर्य घर योजना के तहत हर घर की छत पर सौर ऊर्जा लगाई जाएगी। जिससे हर घर को मुफ्त बिजली मिलेगी और जो बिजली बचेगी उसे सरकार खरीदेगी।पहले इंदिरा आवास योजना के तहत एक पंचायत में सिर्फ 2 आवास मिलते थे। जबकि आज पीएम आवास योजना के तहत 4 करोड़ आवास का निर्माण किया गया है।

# चारधाम यात्रा और आधे-अधूरे इंतजाम

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा कुप्रबंधन का शिकार हो गई है। स्थिति खराब होने लगी तो प्रशासन ने पहले यात्रा के लिए ऑफलाइन पंजीकरण और अब ऑनलाइन पंजीकरण भी बंद कर दिया है। तीर्थयात्रियों की इस यात्रा के दौरान मौतें होने की खबरें अत्यंत पीड़ादायक हैं। चारधाम यात्रा के लिए इन दिनों भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है और इस कारण से यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को भारी अव्यवस्था का भी सामना करना पड़ रहा है। सवाल यह है कि उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार होने के बावजूद चारधाम यात्रा के लिए शासन और प्रशासन ने पूर्व में समुचित तैयारी क्यों नहीं की? ऐसा क्यों हुआ? सरकार और प्रशासन से क्या और कहां चूक हुई? दर्शन के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीकरण को पहले ही नियंत्रित क्यों नहीं किया गया? आज वहां जाम में जिस तरीके से लोग फंसने लगे हैं। हैरान व परेशान लोगों की जो तस्वीरें आ रही हैं, वे सचमुच डराने वाली हैं। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में यातायात व्यवस्था कुछ हद तक तो पटरी पर लौटी है। फिर भी उत्तरकाशी से गंगोत्री धाम (105 किमी) तक पहुंचने में तीर्थयात्रियों को सात घंटे लग रहे हैं। यमुनोत्री धाम में पैदल यात्रा मार्ग पर तीर्थयात्रियों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने धारा 144 के तहत आदेश जारी किए थे। घोड़ा-खच्चर व पालकी की संख्या निश्चित समय अंतराल के लिए तय की गई है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, बद्रीनाथ धाम को सृष्टि का आठवां वैकुंठ भी कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि यहां भगवान विष्णु छह महीने विश्राम करने के लिए आते हैं। साथ ही केदारनाथ धाम में भगवान शंकर विश्राम करते हैं। बद्रीनाथ में दो पर्वत हैं, जिन्हें नर और नारायण नाम से जाना जाता है। वह भगवान विष्णु के 24 अवतारों में से हैं। माना यह भी जाता है कि केदारनाथ धाम के दर्शन के बाद ही बद्रीनाथ धाम के दर्शन से ही पूजा का पूर्ण फल प्राप्त होता है। शास्त्रों में बताया गया है कि चारधाम यात्रा करने से व्यक्ति को जीवन और मरण के चक्र से मुक्ति प्राप्त हो जाती है। ऐसी मान्यता है कि जो व्यक्ति एक बार भी बद्रीनाथ के दर्शन करता है, उसे उदर यानि गर्भ में नहीं जाना पड़ता है। शिव पुराण में बताया गया है कि केदारनाथ ज्योतिर्लिंग का पूजन करने के बाद जो व्यक्ति जल ग्रहण कर लेता है, उसे दोबारा जन्म नहीं लेना पड़ता है। निस्संदेह, धार्मिक पर्यटन उत्तराखंड प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बहुत बड़ा संबल प्रदान करता है। बावजूद इसके इस पक्ष की अनदेखी की गई। सवाल यह है कि चारधाम यात्रा में अव्यवस्था क्यों हुई ? चारधाम यानी यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ जी की यात्रा शुरू होने के बाद इस बार पिछले वर्ष की तुलना में संख्या इतनी अधिक हो गई जिसके लिए प्रशासन तैयार ही नहीं था। चारधाम यात्रा के दौरान भारी भीड़ के सामने प्रशासन भी लाचार हो गया है। ऋषिकेश में सभी होटल बुक हैं और यात्रियों को रात गुजारने के लिए भी जगह नहीं मिल रही है। प्रशासन ने ऋषिकेश में ठहरे तीर्थयात्रियों के लिए ट्रांजिट कैंप में हैंगर व टेंट के अलावा धर्मशालाओं, स्कूलों तथा वेडिंग प्वाइंट में ठहरने की व्यवस्था की है। यहीं पर श्रद्धालुओं के लिए भोजन की भी व्यवस्था की जा रही है।

चारधाम यात्रा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ कोई अचानक उमड़ी हो, ऐसी बात भी नहीं है। पिछले साल के मुकाबले तुलना करें तो इस यात्रा के पहले दो दिन में ही चालीस फीसदी से ज्यादा श्रद्धालु चारधाम यात्रा के लिए आए। अनेक यात्री अभी भी बिना पंजीकरण के वहां पहुंच रहे हैं। जाहिर है कि भीड़ प्रबंधन को लेकर जो तैयारी होनी चाहिए थी, वह समुचित रूप से नहीं की गई। असल में इस पर खास ध्यान ही नहीं दिया गया कि चारधाम यात्रा के लिए जाने के इच्छुक श्रद्धालु जिस तरह से पंजीकरण करा रहे हैं। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया और श्रद्धालुओं की आवाजाही को नियंत्रित किया जाना चाहिए, पर ऐसा नहीं किया गया। ऐसा लगता है कि इस बार पिछले सालों का रिकॉर्ड टूट सकता है। लेकिन यह भी सच है कि उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में सड़कों, गांव-कस्बों की अपनी क्षमताएं हैं। अगर क्षमता से अधिक लोग वहां पहुंच रहे हैं, तो इस समस्या पर न केवल ध्यान देना चाहिए बल्कि इसकी एडवांस प्लानिंग करनी चाहिए थी। निजी साधनों से जाने वाले यात्रियों के कारण वहां पर वाहनों की रेलमपेल बढ़ती है। सरकारी स्तर पर सार्वजनिक परिवहन का पुख्ता प्रबंध नहीं किया गया।

यात्रा मार्गों को समय पर दुरुस्त नहीं करना भी प्रशासन की बड़ी नाकामी है। सड़कों पर ही वाहनों की बेतरतीब पार्किंग भी संकट बढ़ाने वाली है। हालांकि धामों में अभूतपूर्व संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने के मद्देनजर मुख्यमंत्री पुष्कर धामी वहां की स्थिति को स्वयं मॉनीटर कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने अपने सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम और मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को उत्तरकाशी में कैंप करने तथा गंगोत्री और यमुनोत्री में यात्रा इंतजामों की लगातार निगरानी करने को कहा है। अगर आप चारधाम की यात्रा पर जा रहे हैं अथवा उसकी योजना बना रहे हैं तो सर्वप्रथम आपको सलाह है कि फिलहाल इस योजना को टाल दें। वहां पर अभी काफी अफरातफरी का माहौल है, इसलिए स्थिति सामान्य होने तक आप इंतजार करें। चारधाम यात्रा चूंकि अक्टूबर तक चलती है, इसलिए कुछ समय बाद आप वहां जाएं। आप जब भी इस धार्मिक यात्रा पर जाएं तो कुछ और बातों का ध्यान रखें। चारों धाम हिमालयी क्षेत्र में स्थित हैं, ऑक्सीजन लेबल भी कम होता है, इसलिए स्वास्थ्य परीक्षण के बाद ही कदम बढ़ाएं। यात्रा के दौरान जरूरी जीवन रक्षक दवाइयां साथ लेकर जाएं। जुकाम, बुखार, सिरदर्द आदि की दवाइयां साथ में रखें। यात्रा मार्ग में खानपान का खास ध्यान रखें। ताजे भोजन का सेवन करें। उच्च हिमालयी क्षेत्रों में मौसम प्रायः बदल जाता है। इसलिए ऊनी वस्त्र, कंबल, वाटरप्रूफ बिस्तर, बरसाती, छाता, टार्च आदि अवश्य साथ में रखें।

# लोकमंगल के संचारकर्ता हैं ब्रम्हर्षि नारद



प्रो. संजय द्विवेदी

चुब्रम्हर्षि नारद लोकमंगल के लिए संचार करने वाले देवता के रूप में हमारे सभी पौराणिक ग्रंथों में एक अनिवार्य उपस्थिति हैं। वे तीनों लोकों में भ्रमण करते हुए जो कुछ करते और कहते हैं, वह इतिहास में दर्ज है। इसी के साथ उनकी गंभीर प्रस्तुति 'नारद भक्ति सूक्ति' में प्रकट होती है, जिसकी व्याख्या अनेक आधुनिक विद्वानों ने भी की है। नारद जी की लोकछवि जैसी बनी और बनाई गई है, वे उससे सर्वथा अलग हैं। उनकी लोकछवि झगड़ा लगाने या कलह पैदा करने वाले व्यक्ति कि है, जबकि हम ध्यान से देखें तो उनके प्रत्येक संवाद में लोकमंगल की भावना ही है। भगवान के दूत के रूप में उनकी आवाजाही और उनके कार्य हमें बताते हैं कि वे निरर्थक संवाद नहीं करते। वे निरर्थक प्रवास भी नहीं करते। उनके समस्त प्रवास और संवाद सायास हैं। सकारण हैं। उद्देश्य की स्पष्टता और लक्ष्यनिष्ठा के वे सर्वश्रेष्ठ उदाहरण हैं। हम देखते हैं कि वे देवताओं के साथ राक्षसों और समाज के सब वर्गों से संवाद रखते हैं। सब उन पर विश्वास भी करते हैं। देवताओं, मनुष्यों और राक्षसों के बीच ऐसा समान आदर तो देवाधिदेव इंद्र को भी दुर्लभ है। वे सबके सलाहकार, मित्र, आचार्य और मार्गदर्शक हैं। वे कालातीत हैं। सभी युगों और सभी लोकों में समान भाव से भ्रमण करने वाले। ईश्वर के विषय में जब वे हमें बताते हैं, तो उनका दार्शनिक व्यक्तित्व भी हमारे सामने प्रकट हो जाता है।

पुराणों में नारद जी को भागवत संवाददाता की तरह देखा गया है। हम यह भी जानते हैं कि वाल्मीकि जी ने रामायण और महर्षि व्यास ने श्रीमद्भागवत गीता का सृजन नारद जी प्रेरणा से ही किया था। नारद अप्रतिम संगीतकार हैं। उन्होंने गंधर्वो से संगीत सीखकर खुद को सिद्ध किया, नारद संहिता ग्रंथ की रचना की। नारद ने कठोर तपस्या कर भगवान विष्णु से संगीत का वरदान लिया। सबसे खास बात यह है कि वे महान ऋषि परंपरा से आते हैं, किंतु कोई आश्रम नहीं बनाते, कोई मठ नहीं बनाते। वे सतत प्रवास पर रहते हैं ,उनकी हर यात्रा



उदेश्यपरक है। एक सबसे बड़ा उद्देश्य तो निरंतर संपर्क और संवाद है,साथ ही वे जो कुछ वहां कहते हैं, उससे लोकमंगल की एक यात्रा प्रारंभ होती है। उनसे सतत संवाद,सतत प्रवास, सतत संपर्क, लोकमंगल के लिए संचार करने की सीख ग्रहण की जा सकती है।

भारत के प्रथम हिंदी समाचार-पत्र 'उदन्त मार्तण्ड' के प्रकाशन के लिए संपादक पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने देवर्षि नारद जयंती (30 मई, 1826 / ज्येष्ठ कृष्ण द्वितीया) की तिथि का ही चुनाव किया था। हिंदी पत्रकारिता की आधारशिला रखने वाले पंडित जुगलकिशोर शुक्ल ने 'उदन्त मार्तण्ड' के प्रथम अंक के प्रथम पृष्ठ पर आनंद व्यक्त करते हुए लिखा कि आद्य पत्रकार देवर्षि नारद की जयंती के शुभ अवसर पर यह पत्रिका प्रारंभ होने जा रही है। इससे पता चलता है परंपरा में नारद जी की जगह क्या है। इसी तरह एक अन्य उदाहरण है। नारद जी को संकटों का समाधान संवाद और संचार से करने में महारत हासिल है। आज के दौर में उनकी यह शैली विश्व स्वीकृत है। समूचा विश्व मानने लगा है कि युद्ध अंतिम विकल्प है। किंतु संवाद शास्वत विकल्प है। कोई भी ऐसा विवाद नहीं है, जो बातचीत से हल न किया जा सके। इन अर्थों में नारद सर्वश्रेष्ठ लोक संचारक हैं। सबसे बड़ी बात है नारद का स्वयं का कोई हित नहीं था। इसलिए उनका समूचा संचार लोकहित के लिए है। नारद भक्ति सूत्र में 84 सूत्र हैं। ये भक्ति सूत्र जीवन को एक नई दिशा देने की सार्मथ्य रखते हैं। इन सूत्रों को प्रकट ध्येय तो ईश्वर की प्राप्ति ही है, किंतु अगर हम इनका विश्लेषण करें तो पता चलता है इसमें आज की मीडिया और मीडिया साथियों के लिए भी उचित दिशाबोध कराया गया है। नारद भक्ति सूत्रों पर ओशो रजनीश, भक्ति वेदांत,स्वामी प्रभुपाद, स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि,गुरूदेव श्रीश्री रविशंकर,श्री भूपेंद्र भाई पंड्या, श्री रामावतार विद्याभास्कर,स्वामी अनुभवानंद, हनुमान प्रसाद पोद्दार, स्वामी चिन्मयानंद जैसे अनेक विद्वानों ने टीकाएं की हैं। जिससे उनके दर्शन के बारे में विस्तृत समझ पैदा होती है। पत्रकारिता की दृष्टि से कई विद्वानों ने नारद जी के व्यक्तित्व और कृतित्व का आकलन करते हुए लेखन किया है। हालांकि उनके संचारक व्यक्तित्व का समग्र मूल्यांकन होना शेष है। क्योंकि उनपर लिखी गयी ज्यादातर पुस्तकें उनके आध्यात्मिक और दार्शनिक पक्ष पर केंद्रित हैं। काशी विद्यापीठ के पत्रकारिता के आचार्य प्रो. ओमप्रकाश सिंह ने 'आदि पत्रकार नारद का संचार दर्शन' शीर्षक से एक पुस्तक लिखी है। संचार के विद्वान और हरियाणा उच्च शिक्षा आयोग के अध्यक्ष प्रो. बृजकिशोर कुठियाला मानते हैं, नारदजी सिर्फ संचार के ही नहीं, सुशासन के मंत्रदाता भी हैं। वे कहते हैं-''व्यास ने नारद के मुख से युधिष्ठिर से जो प्रश्न करवाये उनमें से हर एक अपने आप में सुशासन का एक व्यावहारिक सिद्धांत है। 123 से अधिक प्रश्नों को व्यास ने बिना किसी विराम के पूछवाया। कौतुहल का विषय यह भी है कि युधिष्ठिर ने इन प्रश्नों का उत्तर एक-एक कर-के नहीं दिया परंतु कुल मिलाकर यह कहा कि वे ऋषि नारद के उपदेशों के अनुसार ही कार्य करते आ रहे हैं और यह आश्वासन भी दिया कि वह इसी मार्गदर्शन के अनुसार भविष्य में भी कार्य करेंगे।'' एक सुंदर दुनिया बनाने के लिए सार्वजनिक संवाद में शुचिता और मूल्यबोध की चेतना आवश्यक है। इससे ही हमारा संवाद लोकहित केंद्रित बनेगा। नारद जयंती के अवसर नारद जी के भक्ति सूत्रों के आधार पर आध्यात्मिकता के घरातल पर पत्रकारिता खड़ी हो और समाज के संकटों के हल खोजे, इसी में उसकी सार्थकता है।

**(लेखक भारतीय जनसंचार संस्थान, नयी दिल्ली के पूर्व महानिदेशक हैं।)**

# मोबाइल एडिक्शन से बच्चों को बचाएं



डॉ. विनोद कुमार शर्मा

बड़ों की तरह बच्चों में भी मोबाइल पर आत्याधिक निर्भरता के केसेस देखने को मिल रही है जो नशा से कम नही है। बच्चों में मोबाइल की ऐसी लत लग चली है कि वो सोने के पहले तक मोबाइल को अपने से दूर रखना नहीं चाहता है।

**क्या है ये मोबाइल एडिक्शन :** बच्चों में दैनिक क्रियाओं और जगत की बातों को छोड़ भूखे-प्यासे दिनरत मोबाइल से जुड़े रहना। घंटों समय बिताना। परफॉर्मेंस मे कमी आना। विरोध पर नहीं छोड़ने की जिद्द करना। एडिक्शन की दशा है।

**कैसे बच्चे एडिक्ट होते है? :** पढ़ने या कुछ ज़रूरी बातें ढूंढने के बहाने अन्य साइट पर चले जाते है फिर धीरे -धीरे तरह-तरह के वीडियो गेम, हंसी के छोटे रिल्स, कार्टून कोना, आदि से जा जुड़ते हैं। ऐसे तमाम आइटम बच्चों को इंटरनेट से मिल जाते है जो उसके मानसिक पीड़ा को दूर करता है। वो इसमें खो जाते है। अनरेस्पोंसिव हो जाते है। दुनिया से दूर बेखबर , अंजान हो जाते है कि अगल- बगल क्या कुछ घटित हो रहा है कुछ भी सुध नहीं होती है। आनन्दपूर्ति में कोई बाधा या रुकावट न आए सबसे अलग एकांत हो जाते है और जमकर अपनी इच्छाओं को पूर्ण करते है। ऐसा अक्सर होता है कि इस बीच कोई इमरजेंसी कॉल आ जाए तो उसे काट देते है या इग्नोर कर बजते रहने देते है या फिर म्यूट कर गेम का आनंद लेते रहे होते है। गेम के मध्य कोई आवाज क्यों न दे कान तक जूं नहीं रेंगती है। जब घर वालों के डांटने, चीखने, चिल्लाने, पीटने, मोबाइल छीनने आदी से बच्चा आक्रोशित या टेंपर टेंटरम का लक्षण दिखाता है तो मामला गंभीर लगता है।

**दुष्प्रभाव :** इसके लत मे 2 साल के ऊपर के बच्चे होते जिसमें एकाग्रता में कमी, नींद में कमी, देरी से विकास, आखों में खिंचाव, मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं, पूअर सोशल स्किल, परीक्षा में असफलता, स्मृति दोष, शिक्षण में समस्या, थकान, कार्य अभिप्रेरणा में कमी, मोटापा , सिरदर्द, निगेटिव बॉडी इमेज, निम्न आत्म सम्मान आदि सहित एंटी सोशल पर्सनेलिटी का पृष्ठभूमि भी निर्मित होता है। अखबारों में ऐसी घटनाएं सामने आ रही है कि बच्चे वीडियो गेम या सोशल मिडिया से बूलिंग, स्टॉकिंग, लाइक, फॉलो, यू ट्यूब, फेसबुक आदि प्लेटफॉर्म पर बने रहने के लिए मोबाइल हमेशा चार्ज चाहते है। न मिलने की जिद्द में बच्चे जिद्द में गुस्सा में आकर गलत उठा लेते है। आवेश में आकर आत्महत्या कर लेते है या चोरी करता है या फिर रिचार्ज के बदले में गलत व्यवहारों का सौदेबाजी का शिकार होते है। ऐसे व्यवहारों के लत के चपेट में किशोर ही नहीं अबोध बालक व नादान बच्चे भी होते है। जो बच्चे अभी स्कूल में नाम तक लिखाया नही होता है वो भी इसका धड़ल्ले से व्यवहार करते जाते है।

**कारण क्या है? :** आखिर बच्चों में इतना अधीक इंटरनेट मोबाइल एडिक्शन क्यों? ऐसे सवालों के जवाब के लिए अक्सर मनोविज्ञान ही सामने आता है जो ऐसे व्यवहारों के घटित होने के पीछे कई समाज-मनोवैज्ञानिक कारकों को महत्वपूर्ण मानता है। उन कारकों में एक वैकल्पिक व्यवहार है जहां लोग घर में शांति के लिए या फिर बच्चों के केयर से दूर रहने के लिए अक्सर मां बाप बच्चों को वैकल्पिक तौर पर जानबूझ कर इसकी आदत लगा देते है। दूसरा कारक प्रबलन है जहां बच्चे तरह-तरह के चीजों को देखकर आनंदित होते है जो बटन बदलते या हाथ फेरते ही नए अनुभवों से रूबरू होते है। खुश होते है। आनंद लेते है। बच्चे बड़ों के व्यवहारों का अनुकरण करते है। सीखते है। बच्चें अक्सर बड़े के व्यवहारों को देखकर वैसा ही नकल करने की जिद्द करते है और रोज का आदत बना उसपर अपनी निर्भरता बढ़ा लेते है। बच्चों का जिज्ञासा भी आदत का निर्माण करती है। यह यथार्थ बात है कि बच्चें जिज्ञासु प्रवृत्ति या स्वभाव के होते है। बुद्धि विकास के इस दौर में बच्चे तमाम किस्म के अनुभवों से जा गुजरना चाहते हैं। ऐसे में वो उन्हीं व्यवहारों को दुहराते है जिन व्यवहारों को पुनरावृत्ति होते पाते है। लोगों को उस ओर उन्मुख होते पाते है। बच्चे तनाव से बचने में प्रक्षेपण का व्यवहार करते है जहां वो अपनी कुंठा या निराशा का, अकेलेपन आदि भावों और विकारों का प्रक्षेपण करते है जो मोबाइल के माध्यम से आसानी से हो जाता है। जो व्यवहारों के पुनरावृत्ति का कारण बनता है। बच्चे अपनी हीन भावना की क्षतिपूर्ति मोबाइल में भटका कर करते है। वो अपनी कमियों से, मनोशारीरिक अक्षमता से उत्पन्न हुई हीनता की भावना की क्षतिपूर्ति वो यहां के खेलों में जीतकर, दोस्त बनाकर, लाइक बढ़ा कर, आदि तरीके से करता है। यह मानव स्वभाव बात है कि लोग तनाव मुक्त रहना चाहता है। अक्सर बच्चे बड़ों की तरह ही अपनी चिन्ता या विषाद, कुंठा आदि को भुलाने के लिए मोबाइल व्यवहार करते है और उसमें घंटों रम जाते है जिस कारण इसकी लत लग जाती है। कभी-कभी पुअर होम एनवायरनमेंट ऐसे मनोविकारी आदतों को जन्म दे डालती है। घर का माहौल स्वास्थ्य नहीं रहने से बच्चे इस कोलाहल से बचने के लिए मोबाइल से जा चिपकते है और घर के बातों से बेगाना हो जिंदगी जीते है। बदलते परिवेश में खेल का कोई यथार्थ विकल्प न होना भी ऐसे आदतों का मार्ग प्रशस्त करता है जहां आउट डोर गेम की कमी के कारण बच्चें न चाहते हुए भी ऐसी आदतों का शिकार होते है। इन सबों के बीच छद्म कारकों में कमज़ोर शैक्षणिक व्यवहार का होना भी है।कमज़ोर शैक्षणिक व्यवहार चाहे वो स्कूल में अपेक्षित पढ़ाई व माहौल के न मिलने से बच्चे अपने तानव व फ्रस्ट्रेशन को दूर करने के लिए मोबाइल का सहारा लेते है या फिर पढ़ाई अरुचिकर होना या कोई बेहतर एकेडमिक विकल्प न मिलना वहां भी ऐसे अनुबंधित व्यवहारों से जा जुड़ते है।

बच्चों का अत्यधिक मोबाइल पर निर्भरता ऐसा कि बिना उसके न तो खाना खाता है और न ही कहीं चैन पाता है आदि सभी हरकतें एक चिंतनीय दशा को इंगित करता है। घंटों भूखे रह बच्चे मोबाइल से चिपके रहते है। ऐसे में बच्चों में आत्मविश्वास, निर्णय लेने की क्षमता, कार्यकुशलता, संज्ञानात्मक क्षमता, आदि सभी प्रभावित होते है जिससे पलायन कर बच्चे नशा, चोरी, अपराध आदि दुर्गुणों का शिकार होते है। और ऐसे ही बच्चे होते है जो मानकों का उल्लंघन कर , जिद्द में आकर साइबर क्राइम, लूट, हत्या आदि जैसे असहानुभूतिक घटनाओं को भी अंजाम देते है।

**क्या हो मनोवैज्ञानिक समाधान? :** जरुरत है बच्चों को मोबाइल एडिक्शन के दुष्प्रभाव से बच्चों को दूर रखे। सबसे पहले बाल मनोविज्ञान अर्थात उसके भावनाओं और व्यवहारों को समझने का प्रयास हो, उन्हें मोबाइल के दुष्प्रभावों को बताए, घर में स्वास्थ्य एवम सुरक्षित माहौल बना कर जिससे बच्चा बाहर को कदम न रखे, खाली वक्त में घरेलू गतिविधियों से जोड़े रखे, पैरेंट्स अपने आदत एवम आचरणों में बदलाव कर, क्रमशः वर्चुअल दूरी बढ़ा कर, पुनर्बलन देकर, बच्चों को अपने काम के साथ जोड़े रखकर , अन्य कार्यो जैसे स्किल प्रशिक्षण, योगाभ्यास आदि से जोड़कर, अच्छी बातों व लंबी कहानियों में उलझा कर, आउटडोर खेल से जोड़कर, आदि के द्वारा बच्चों व किशोरों को मोबाइल एडिक्शन से बचाया जा सकता है।

# देवर्षि नारद को आदि गुरु मानने से बढ़ेगा गौरव



डॉ. सौरभ मालवीय

प्राचीनकाल से ही ज्येष्ठ मास की कृष्ण पक्ष की द्वितीय तिथि को देवर्षि नारद मुनि की जयंती मनाने की परंपरा चली आ रही है। हिन्दू शास्त्रों के अनुसार देवर्षि नारद मुनि को सृष्टिकर्ता ब्रह्मा का मानस पुत्र माना जाता है। कहा जाता है कि उनका जन्म ब्रह्मा जी की गोद से हुआ था। इसलिए वे उनके मानस पुत्र माने जाते हैं। वे समस्त देवी-देवताओं के ऋषि हैं इसीलिए उन्हें देवर्षि एवं ब्रह्मर्षि कहा जाता है। ब्रह्मर्षि का पद प्राप्त करने के लिए उन्होंने कठिन तपस्या की थी। उन्हें ब्रह्मनंदन एवं वीणाधर के नाम से भी पुकारा जाता है। 'नारद' शब्द में 'नार' का अर्थ है जल एवं अज्ञान तथा 'द' का अर्थ है प्रदान करना एवं नाश करना। वे समस्त प्राणियों को ज्ञान का दान करके अज्ञानता का नाश करते हैं। वे प्राणियों को तर्पण करने में भी सहायता करते थे, इसीलिए उन्हें नारद कहा जाने लगा।

## भगवान विष्णु के अनन्य भक्त

देवर्षि नारद मुनि सृष्टि के पालनहार भगवान विष्णु के अनन्य भक्त माने जाते हैं। वे तीनों लोकों में भ्रमण करते हुए अपनी वीणा की सुमधुर तान पर भगवान विष्णु की महिमा का गान करते हैं। प्रत्यके समय उनकी जिव्हा पर भगवान विष्णु का नाम रहता है- नारायण-नारायण। वे सदैव भक्ति में लीन रहते हैं। इसके साथ-साथ में भटके हुए लोगों का मार्गदर्शन करते हैं तथा उनकी शंकाओं का समाधान भी करते हैं। उनके महान कार्यों की गणना संभव नहीं है। किन्तु कुछ कार्यों का उल्लेख करना संभव है, जैसे उन्होंने लक्ष्मी का विवाह अपने इष्टदेव भगवान विष्णु के साथ करवाया था। उन्होंने स्वर्ग के राजा इन्द्रदेव को मनाकर अप्सरा उर्वशी का पुरुरवा के साथ विवाह करवाया था। उन्होंने ऋषि बाल्मीकि को महान ग्रंथ रामायण लिखने की प्रेरणा दी थी। उन्होंने व्यास जी को भागवत की रचना करने की प्रेरणा दी थी। उन्होंने विष्णु भक्त प्र''ाद एवं भक्त ध्रुव का मार्गदर्शन किया था। उन्होंने बृहस्पति एवं शुकदेव आदि को उपदेश देकर उनका मार्गदर्शन किया था। उनके ऐसे असंख्य महान कार्य हैं।

## देवर्षि नारद मुनि के ग्रंथ

देवर्षि नारद मुनि बहुत ज्ञानी थे। वे अनेक कलाओं में पारंगत थे। उन्होंने वाद्य यंत्र वीणा का आविष्कार किया था। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि वे ब्रह्मांड के प्रायः सभी विषयों के ज्ञाता थे। लगभग सभी आदि ग्रंथों में उनका उल्लेख मिलता है। वे व्यास, बाल्मीकि एवं शुकदेव आदि के गुरु हैं। उन्हें तीनों लोकों में मान-सम्मान प्राप्त है। वे देवी-देवताओं के मन की बात भी समझ जाते थे। उन्होंने भक्तिभाव का प्रचार-प्रसार किया। उनका कहना था कि व्यक्ति को सर्वदा सर्वभाव से निश्चित होकर केवल अपने प्रभु का ही स्मरण करना चाहिए। यही भक्ति है एवं यही साधना है। लोक कल्याण के लिए उन्होंने अनेक ग्रंथों की रचना की। इनमें नारद पांचरात्र, नारद के भक्तिसूत्र, नारद पुराण, बृहन्नारदीय उपपुराण-संहिता अथवा नारद स्मृति, नारद-परिव्राज कोपनिषद तथा नारदीय-शिक्षा आदि सम्मिलित हैं। नारद पांचरात्र वैष्णव संप्रदाय का ग्रंथ माना जाता है। इसमें 'रात्र' का अर्थ है ज्ञान। कहा जाता है कि इस ग्रंथ में ब्रह्मा, वासुदेव, संकर्षण, प्रद्युम्न एवं अनिरुद्ध का ज्ञान है इसलिए इसे पांचरात्र कहा जाता है। यह ग्रंथ श्रीकृष्ण द्वारा प्रदत्त था। देवर्षि नारद मुनि ने इसका प्रचार-प्रसार किया। इसमें प्रेम, भक्ति, मुक्ति एवं योग आदि का उल्लेख किया गया है। इसमें भक्ति के संबंध में श्रीकृष्ण एवं राधा के प्रेम का उल्लेख किया गया है।

नारद भक्ति सूत्र नामक ग्रंथ देवर्षि नारद मुनि द्वारा रचित है। इसमें भक्ति के 84 सूत्रों का उल्लेख किया गया है। इसमें भक्ति की व्याख्या से लेकर इसकी महत्ता, नियम एवं फल आदि का भी उल्लेख मिलता है। इसमें बताया गया है कि प्रेम भक्ति का प्रथम सोपान है तथा अपने इष्ट के लिए व्याकुल होना भक्तिभाव का चिह्न है। आदर्श भक्ति को समझने के लिए श्रीकृष्ण के प्रति गोपियों के मनोभाव को समझना होगा। नारद



पुराण भी वैष्णव का ग्रंथ है। अठ्ठारह पुराणों में यह छठे स्थान पर आता है। इसी से इसकी महत्ता का ज्ञान होता है। कहा जाता है कि इस पुराण का श्रवण करने से मुक्ति प्राप्त होती है अर्थात पापी व्यक्ति भी इसका श्रवण करके पाप मुक्त हो जाता है। इसमें पापों का उल्लेख किया गया है। इसके प्रारंभ में अनेक प्रश्न पूछे गए हैं। इसमें अनेक ऐतिहासिक एवं धार्मिक कथाएं, धार्मिक अनुष्ठान, ज्योतिष, मंत्र, बारह मास की व्रत-तिथियों के साथ उनसे संबंधित कथाएं, शिक्षा एवं व्याकरण आदि का भी उल्लेख मिलता है।

बृहन्नारदीय उपपुराण-संहिता अथवा नारद स्मृति नारद स्मृति भी देवर्षि नारद मुनि द्वारा रचित ग्रंथ है। इसमें न्याय, उत्तराधिकार, संपत्ति का क्रय एवं विक्रय, उत्तराधिकार, पारिश्रमिक, ऋण एवं अपराध आदि विषयों उल्लेख है। एक प्रकार से यह न्याय अथवा संविधान का ग्रंथ है। इसमें नारद गीता, नारद नीति एवं 'नारद संगीत आदि ग्रंथ होने का भी उल्लेख किया गया है। नारद-परिव्राजक कोपनिषद अथर्ववेद से संबंधित ग्रंथ है। देवर्षि नारद मुनि इसके उपदेशक हैं। इसमें परिव्राजक संन्यासी के सिद्धांत, आचरण, संन्यासी-धर्म, संन्यासी-भेद आदि का विस्तृत रूप से वर्णन किया गया है। परिव्राजक संन्यासी उसे कहा जाता है जो परिव्रज्या व्रत ग्रहण कर भिक्षाटन करके अपने जीवन का निर्वाह करता है। इसमें ब्रह्म के स्वरूप का विस्तृत रूप से वर्णन किया गया है। इसमें परम पद प्राप्ति की प्रक्रिया का भी स्पष्ट शब्दों में उल्लेख किया गया है। अहं ब्रहमास्मिअर्थात 'मैं ही ब्रह्म हूं' मंत्र का उल्लेख किया गया है। साधक के लिए यह मोक्ष प्राप्ति की स्थिति है।

## लोक कल्याणकारी संदेशवाहक

देवर्षि नारद मुनि एक लोक कल्याणकारी संदेशवाहक एवं लोक-संचारक थे। इसीलिए उन्हें आदि संबाददाता अथवा पत्रकार कहना अनुचित नहीं है। सर्वविदित है कि वही तीनों लोकों में सूचनाओं का आदान-प्रदान करते थे। वे केवल देवी-देवताओं को ही नहीं, अपितु दानवों को भी आवश्यक सूचनाएं देते थे। उस समय मौखिक रूप से ही सूचनाओं का आदान-प्रदान होता था। इसलिए दानव भी उनका आदर-सत्कार करते थे तथा उनसे परामर्श लेने भी संकोच नहीं करते थे। प्राचीन काल में आधुनिक काल की भांति सूचना के साधन नहीं थे। उस समय चौपालों पर लोग एकत्रित होते थे। इसी समयावधि में उनके मध्य संवाद होता था। इस प्रकार सूचनाओं का आदान-प्रदान होता था। तीर्थ यात्रियों के द्वारा भी सूचनाओं का संचार होता था। व्यापारी भी सूचनाओं के संचार का माध्यम थे। इसके अतिरिक्त मेलों, धार्मिक एवं मांगलिक आयोजनों में भी सूचनाओं का आदान-प्रदान होता था। इनमें सम्मिलित होने वाले लोग सूचनाओं को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने का कार्य करते थे।

सूचना देने वाले को संवाददाता कहा जाता है। इस प्रकार देवर्षि नारद मुनि आदि संवाददाता थे। वे सदैव एक स्थान से दूसरे स्थान पर भ्रमण करते रहते थे। इसके संबंध में एक कथा प्रचलित हैं कि ब्रहमाजी के पुत्र दक्ष के यहां सौ पुत्र हुए तथा सभी पुत्रों को जनसंख्या बढ़ाने का आदेश दिया गया, ताकि सृष्टि आगे बढ़ सके। किन्तु देवर्षि नारद मुनि ने अपने भाई दक्ष के पुत्रों अर्थात अपने भतीजों को तपस्या करने के लिए प्रेरित किया। उनकी बात मानकर सभी दक्ष पुत्र घोर तपस्या करने लगे। दक्ष ने अपने पुत्रों को तपस्या छोड़कर सृष्टि बढ़ाने का पुनः आदेश दिया, परन्तु देवर्षि नारद मुनि ने उन्हें पुनः तपस्या में लगा दिया। इस पर दक्ष को क्रोध आ गया और उसने देवर्षि नारद मुनि को श्राप दे दिया। इस श्राप के अनुसार वे एक स्थान पर अधिक समय तक नहीं ठहर पाएंगे तथा सदैव विचरण करते रहेंगे। इसके साथ ही वे सूचना को एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाने का कार्य करेंगे। देवर्षि नारद मुनि ने इस श्राप को सहर्ष स्वीकार कर लिया। उन्होंने इस श्राप का लोकहित में उपयोग किया।

श्रीकृष्ण ने देवर्षि नारद मुनि की श्राप की इस स्वीकारोक्ति की सराहना की थी। एक बार उन्होंने अर्जुन से कहा था कि यदि देवर्षि नारद मुनि चाहते तो दक्ष के श्राप से मुक्ति पा सकते थे, परंतु उन्होंने ऐसा नहीं किया। उन्होंने जनहित में श्राप को सहर्ष स्वीकार किया। उसी समय से वे निरंतर तीनों लोकों का भ्रमण करते रहते हैं।वास्तव में देवर्षि नारद मुनि अत्यंत ज्ञानी एवं अनुभवी थे। वे भली भांति जानते थे कि वे इस श्राप का लोकहित में किस प्रकार उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने मानव कल्याण के लिए इसका उपयोग किया। उनके कार्यों से पता चलता है कि किस प्रकार सूचना का उचित उपयोग करके अनिष्ट से बचा जा सकता है।

उन्होंने समुद्र मंथन के समय इसमें से विष निकलने की सूचना मंथन में लगे दोनों ही पक्षों को दी थी, किन्तु किसी भी पक्ष ने इस पर तनिक ध्यान नहीं किया। इसका परिणाम भयंकर हुआ तथा विष फैल गया। यह विष इतना भयंकर था कि इससे समस्त सृष्टि का विनाश हो सकता था। उन्होंने इसकी सूचना महादेव को दी। महादेव ने लोकहित में सारा विष पी लिया। इससे सृष्टि तो बच गई, परन्तु महादेव का कंठ नीला हो गया। इस घटना से सूचना के दोनों ही पक्षों के परिणाम का ज्ञान होता है। कहा जाता है कि सती द्वारा राजा दक्ष के यज्ञ कुंड में शरीर त्यागने की सूचना भी देवर्षि नारद मुनि ने ही महादेव को दी थी।

आधुनिक समय में पत्रकार देवर्षि नारद मुनि की जयंती को हर्षोल्लास से मनाते हैं। उल्लेखनीय है कि हिंदी साप्ताहिक 'उदन्त मार्तण्ड' का प्रकाशन 30 मई 1826 को कोलकाता से प्रारंभ हुआ था। उस दिन नारद जयंती थी। पत्रिका के प्रथम अंक के प्रथम पृष्ठ पर सम्पादक ने लिखा था- "देवऋषि नारद की जयंती के शुभ अवसर पर यह पत्रिका प्रकाशित होने जा रही है क्योंकि नारद जी एक आदर्श संदेशवाहक होने के नाते उनका तीनों लोक में समान सहज संचार था।" इसमें कोई दो मत नहीं है कि महर्षि नारद मुनि एक महान विचारक एवं चिन्तक थे। उनकी सूचनाएं सज्जन के लिए शक्ति तो दुष्ट के लिए विनाशक सिद्ध होती थीं। इसलिए पत्रकारों को उन्हें अपना आदर्श एवं आदि गुरु मानना चाहिए। निःसंदेह इससे उनका गौरव बढ़ेगा तथा पत्रकारिता भी गौरवान्वित होगी।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# भीषण गर्मी में पानी बिजली के इन्तेजाम में देरी से जनता हो रही हलकान

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** प्रदेश में पारा आसमान पर पहुँच चुका है वहीं सरकार की पानी-बिजली को लेकर चल रही तैयारियों में देरी से जनता हलकान हो रही है। आज से नौतपा चालू हो रहा है, और सरकार अभी तक पानी बिजली के प्रबंधन के निर्देश देने में ही लगी हुई है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार ही अब तक हीहीटवैब से लगभग 60 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

सरकारी स्तर पर किये गये इंतज़ाम नाकाफी साबित हो रहे हैं, मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव लगातार इस पर नज़र बनाए हुए हैं लेकिन अधिकारियों की अक्रमण्यता के कारण इन कार्यों में समय रहते ध्यान नहीं देने के कारण ऐसी स्थिति पैदा हुई है।



## मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश ,पानी बिजली और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 24 घंटे चले कंट्रोल रूम

### जयपुर में ही जनता बिजली कटौती और फ़ॉल्ट से परेशान

चमकता राजस्थान

जयपुर। हीट वेव के दौरान आमजन को राहत देने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पानी -बिजली -स्वास्थ्य-पशुपालन संबंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए 24 घंटे कंट्रोल रूम चलाने के निर्देश दिए हैं हर ज़िले में पर्याप्त बिजली -पानी उपलब्ध करवाने से लेकर बीमारियों से राहत दिलाने के लिए सभी विभागों के अधिकारी जुटे हैं। मुख्य सचिव सुधांश पंत से मीटिंग के बाद चिकित्सा विभाग,पीएचईडी, डिस्कॉम सहित पशुपालन और गोपालन विभागों की मॉनिटरिंग के साथ राहत के निर्देश भी दिए हैं शर्मा ने कहा कि प्राथमिकता से भीषण गर्मी और लू का प्रकोप संबंधी प्रबंधन कार्यों को समय से पूरा किया जाए।

लेकिन अधिकारियों का रवैया जस का तस बना हुआ है शिकायतों पर कार्यवाही जब राजधानी जयपुर में ही नहीं हो पा रही है तो सुदूर गांवों के अस्पतालों में और घरों में बिजली की क्या स्थिति होगी इसका अंदाज़ा लगाया जा सकता है।

जयपुर में ही लोग अघोषित कटौती और फ़ॉल्ट से परेशान हो रहे हैं बार-बार ट्रांसफॉर्मर में दिक़्क़त से बिजली गुल हो रही है।

## उदयपुर जिले में थाना सुखेर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाली कंपनी का किया खुलासा



### 9 अभियुक्त गिरफ्तार, कंपनी के निदेशक व अन्य अभियुक्तों की तलाश जारी

चमकता राजस्थान

जयपुर/उदयपुर (खलील कुरैशी), 24 मई। उदयपुर जिले की सुखेर थाना पुलिस ने शैल कंपनी का खुलासा कर 9 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। आरोपी ऑनलाइन सेलिंग का काम बता कंपनी में पैसे लगाकर कमीशन देने का झांसा देकर ठगी किया करते हैं। मामले में कंपनी के निदेशक व अन्य अभियुक्तों की पुलिस तलाश कर रही हैएसपी योगेश गोयल ने बताया कि शुक्रवार को बारां निवासी विष्णु कुमार चोपदार ने रिपोर्ट दी कि उसके गांव के दोस्त प्रदीप ने उदयपुर में नौकरी लगाने को कहा। उदयपुर में वह उसे ईसीआर एमपीएल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में लेकर गया। जहां उसके जैसे और भी काफी युवा आए हुए थे। हम सभी को कंपनी में काम करने की ट्रेनिंग दी गई और बताया कि उनका ऑनलाइन सेलिंग का काम है।इसके लिए कंपनी की कार्मिकों ने उससे 59 हजार 922 ले लिए और कहा कि काम करने के लिए आगे और मेंबर जोड़ने हैं। उनसे पैसे प्राप्त होने पर कमीशन दिया जाएगा। इस प्रकार नौकरी देने का झांसा देकर इन्होंने उसके साथ ठगी की है। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।

एसपी गोयल ने बताया कि पूर्व में भी इस प्रकार की फर्जी कंपनियों की शिकायत मिली थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा व सीओ कैलाशचंद खटीक के सुपरविजन एवं एसएचओ हिमांशु सिंह राजावत के नेतृत्व में गठित की गई टीम द्वारा मौके पर जाकर चैक किया तो कंपनी द्वारा बड़े-बड़े हॉल किराए पर लिए हुए हैं। वहां पर कुछ लोग बेरोजगार युवकों को ट्रेनिंग देने का नाम पर बैठे हुए थे। बातचीत की गई तो पता चला कि वहां पर ट्रेनिंग कर रहे युवाओं को नौकरी देने के नाम पर गांव से बुलाया जाता है। और फिर नेटवर्क मार्केटिंग के नाम पर पैसे लेकर सदस्य बनाया जाता। चैन सिस्टम बनाकर लोगों को नौकरी लगाने के नाम पर ठगी की जा रही थी।एसपी ने बताया कि मौके से पुलिस ने सुरेश पुत्र श्रवण राम निवासी नापासर बीकानेर, सुनील पुत्र भोमाराम निवासी लोहावट जोधपुर, अशोक पुत्र कन्हैया निवासी कारोई भीलवाड़ा, कुलदीप सिंह पुत्र जेठू सिंह निवासी आमेट राजसमंद, जयंत कुमार पुत्र दयाशंकर निवासी नारखी, कोटला, बहीरनपुर, अशोक सोलंकी पुत्र देवनाथ निवासी सुमेरपुर पाली, करण पुत्र महिपाल निवासी डूंगरपुर, कमलेश पुत्र दलिया निवासी खमेरा बांसवाड़ा एवं रवि शर्मा पुत्र चंद्रेश निवासी आदमपुर हिसार को गिरफ्तार किया है।

## जयपुर की कई कॉलोनियों में रात भर बिजली गुल

### हाई वोल्टेज से नहीं चल पा रहे हैं फ्रिज -एसी -कूलर

चमकता राजस्थान

जयपुर। जयपुर में लोगों को दिन में ही नहीं रात में भी बिजली कटौती से गुजरना पड़ रहा है। रात के समय दो-दो घंटे तक शहर की कॉलोनियों में बिजली गुल रहती है। वहीं, निवारू रोड की आसपास की कॉलोनियों में गुरुवार रात को 5 घंटे तक बिजली गुज रही। लोग बिजली अधिकारियों और कंट्रोल रूम पर शिकायतें करते रहे, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। रात 11 बजे गुल हुई बिजली अलसुबह 4 बजे आई। पूरी रात लोग परेशान होते रहे। वहीं, टोंक रोड स्थित तरुछाया नगर में गुरुवार रात को 5 बार बिजली गुल रही। तरुछाया नगर में गांवों तरह दिन में तीन से चार बार बिजली गुल हो रही है। स्थानीय निवासी ट्रांसफॉर्मर बदलने की बिजली अधिकारियों को शिकायत भी कर चुके हैं। इसके बावजूद भी सुनवाई नहीं हो रही है। पत्रकार कॉलोनी में रात 12 से 2 बजे तक बिजली नहीं आई।

निवारू रोड की आधा दर्जन से अधिक कॉलोनियों में पिछले 10 दिन से हाई वॉल्टेज आ रहा है। लोगों को हाई वॉल्टेज की वजह से एसी-कूलर और फ्रीज का भीषण गर्मी में 10 दिन से उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

हालात यह है कि बिजली होने के बाद भी आधा दर्जन कॉलोनी के लोग बिजली का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

- वहीं, मान्यावास स्थित शिव विहार-सी में आए दिन हो रही बिजली कटौती से लोग परेशान हैं। क्षेत्र में सुबह-शाम और रात को बिजली की कटौती की जा रही है, ऐसे में घरेलू उपकरण खराब हो रहे हैं। वहीं, शिकायत के बाद भी कोई सुधार नहीं हो रहा है। कॉलोनीवासी ने बताया कि नगर में पिछले 1 महीने से 24 घंटों में दर्जनों बार बिजली बंद रही है, जिससे घरों के फ्रीज, कूलर, एसी खराब हो चुके हैं। बल्ब फ्यूज हो रहे हैं। शिकायत करने पर बिना सुनवाई की कंप्लेंट को क्लोज कर दिया जाता है।

## शाहपुरा में पेयजल समस्या व बिजली की अघोषित कटौती से आमजन परेशान

चमकता राजस्थान

**शाहपुरा।** क्षेत्रीय विधायक मनीष यादव ने शाहपुरा उपखंड कार्यालय में शाहपुरा एसडीएम सहित पीएचईडी व बिजली निगम के अधिकारियों से पेयजल व अघोषित विद्युत कटौती के बारे में विस्तार से जानकारी लेकर क्षेत्र में हो रही कटौती व बढ रही पेयजल समस्या के बारे में जानकारी ली विधायक यादव ने अधिकारियों को क्षेत्र में बिना किसी अनियमितता व लापरवाही के पेयजल व विद्युत आपूर्ति करने के दिये निर्देश। विधायक ने क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति सुचारु रूप से करने पर दिया बल।वहीं क्षेत्र में पीएचइडी के द्वारा हो रही जलापूर्ति के बारे में भी फिडबैक लिया। तथा जरूरतमंद स्थानों पर टैंकरों से पेयजल व्यवस्था करने की बात कही। वहीं सार्वजनिक स्थानों पर सरकारी जलस्रोतो को भरने की बात भी कही। अघोषित विद्युत कटौती व ट्रिपिंग की समस्या से लोगो के घरेलू उपकरण खराब हो जाते है, तथा इस भीषण गर्मी में बच्चे बुजुर्ग व बीमार व्यक्तियों का हाल बेहाल हो जाता है। विद्युत की समस्या के कारण इस गर्मी में लोगो का घरो में रहना दुस्वार हो रहा है तथा ना ही किसान अपनी फ़सलो में पानी दे पा रहे है। वार्ता में उपखण्ड अधिकारी अशोक कुमार, बिजली निगम एक्सईएन सुरेश चंद गर्ग, एईएन केवल कुमार वर्मा, मनीष मंडावरिया व पीएचईडी एईएन शिशुपाल सैनी, पीयूष महावर व जेईएन पांचूराम व जेईएन बिजली निगम राकेश मौजूद रहे।



**एसडीएम, पीएचईडी व बिजली अधिकारियों से विधायक ने लिया फिडबैक**

## एसीएस ने तीन दिन में सभी अस्पतालों में पंखे व कूलर लगाने के दिए निर्देश

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती शुभ्रा सिंह ने कहा कि हीटवेव को लेकर राजस्थान रेड अलर्ट श्रेणी में है और मौसम विभाग ने आगामी समय में भी अत्यधिक गर्मी एवं लू की चेतावनी दी है। ऐसे में प्रदेश का समस्त चिकित्सा प्रबंधन संवेदनशीलता के साथ हीटवेव से बचाव एवं उपचार की पुख्ता व्यवस्थाएं सुनिश्चित करे। अस्पतालों में कूलर, पंखे, एसी, वाटर कूलर आदि आवशयक रूप से क्रियाशील रहें। जहां भी हीटवेव को लेकर आवशयक व्यवस्थाओं में गेप है, वहां 3 दिन के भीतर सम्पूर्ण व्यवस्थाएं सुचारू करें, अन्यथा जिम्मेदार अधिकारी और कार्मिक के विरूद्ध सख्त एक्शन लिया जाएगा।

श्रीमती सिंह शुक्रवार को स्वास्थ्य भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मौसमी बीमारियों एवं हीटवेव प्रबंधन को लेकर समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि मौसमी बीमारियों एवं हीटवेव प्रबंधन को लेकर चिकित्सा संस्थानों में किसी तरह की कमी नहीं रहे। किसी भी स्तर पर लापरवाही के कारण मरीजों को होने वाली असुविधा बर्दाश्त नहीं की जा सकती। उन्होंने संयुक्त निदेशक जोन को निर्देश दिए कि मौसमी बीमारियों एवं हीटवेव संबंधी व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएं।




### पाली में मां-बेटे की मौत हीट स्ट्रोक के कारण नहीं

बैठक में अवगत कराया गया कि पाली जिले के देसूरी ब्लॉक के गुडा मंगलियान गांव में मां-बेटे की मृत्यु भीषण गर्मी के कारण नहीं हुई है। गांव के 38 वर्षीय श्री समन्दर सिंह घर पर सो रहे थे। शरीर में हलचल नहीं देखकर परिवार वाले उन्हें सादड़ी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पोस्टमार्टम के लिए भी मना कर दिया। मृतक में हीट स्ट्रोक से संबंधित कोई लक्षण नहीं पाया गया था। इसी प्रकार समन्दर सिंह की 80 वर्षीय मां श्रीमती राजू कंवर पहले से ही हृदय रोगी थी। उन्हें सांस लेने में परेशानी और छाती में दर्द की शिकायत के बाद 23 मई को सादड़ी के राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। उनकी 24 मई को उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। मृत्यु का कारण चिकित्सक दल ने हृदय गति रूकना बताया है। उनकी मृत्यु भी हीट स्ट्रोक के कारण नहीं पाई गई।

बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, आरएमएससीएल की प्रबंध निदेशक श्रीमती नेहा गिरि, निदेशक आरसीएच डॉ. सुनीत राणावत, अतिरिक्त निदेशक अस्पताल प्रशासन डॉ. सुशील कुमार परमार, अतिरिक्त निदेशक ग्रामीण स्वास्थ्य डॉ. प्रवीण असवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्य, अधीक्षक, संयुक्त निदेशक जोन, सीएमएचओ, पीएमओ, जिला शिशु स्वास्थ्य एवं प्रजनन अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, समस्त खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं खण्ड कार्यक्रम प्रबंधक भी वीसी से जुड़े।

### आरएमआरएस की बैठकें कर तात्कालिक आवशयकताओं को पूरा करें

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि तात्कालिक आवशयकताओं को देखते हुए आरएमआरएस की बैठक तुरंत कर जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने बताया कि आचार संहिता के चलते आरएमआरएस की बैठकें नहीं हो पा रही थीं। इसके चलते चिकित्सा संस्थानों में आवशयक संसाधनों की खरीद एवं अन्य कार्य बाधित हो रहे थे, लेकिन तात्कालिक आवशयकताओं को देखते हुए चुनाव आयोग की सहमति के अनुसार ये बैठकें आयोजित की जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि संसाधनों की खरीद आदि में समय लगने तक वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

चिकित्सा शिक्षा विभाग ने सभी मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को पत्र लिखकर निर्देश दिए हैं कि मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध अस्पतालों में हीटवेव प्रबंधन के लिए आरएमआरएस में उपलब्ध बजट का युक्ति संगत उपयोग किया जाए। इसके लिए समस्त चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध अस्पताल आरएमआरएस की बैठक तुरंत प्रभाव से आयोजित कर कूलर, एसी, डक्टिंग, वाटर कूलर, दवा आदि से संबंधित आवशयक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

- **डेथ ऑडिट कमेटी की जांच के बाद ही हो हीट स्ट्रोक से मौतों की रिपोर्टिंग-**

श्रीमती सिंह ने कहा कि चिकित्सा संस्थानों में होने वाली मौतों की डेथ ऑडिट कमेटी द्वारा प्रोटोकॉल के अनुसार जांच की जाए। इसके बाद ही हीट स्ट्रोक से होने वाली मौतों की आईएचआईपी पोर्टल पर रिपोर्टिंग की जाए। उन्होंने कहा कि किसी रोगी के मृत्यु के कई कारण हो सकते हैं, इसलिए डेथ ऑडिट कमेटी की रिपोर्ट के बाद ही यह घोषित किया जाए कि मौत का कारण हीट स्ट्रोक है।

- **मौसमी बीमारियों पर नियंत्रण के लिए नोडल अधिकारियों के साथ साप्ताहिक बैठक**

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने मौसमी बीमारियों की जिलेवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि डेंगू, मलेरिया आदि पर प्रभावी नियंत्रण के लिए एन्टीलार्वा एवं सोर्स रिडक्शन सहित अन्य गतिविधियां सघनता के साथ की जाएं। जहां भी केस सामने आए, वहां इन गतिविधियों को बढ़ाया जाए एवं प्रोटोकॉल के अनुसार कार्यवाही की जाए। रोकथाम गतिविधियों को लेकर स्थानीय निकाय विभाग द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारियों के साथ साप्ताहिक बैठक की जाए।

- **जिन जिलों में केस ज्यादा आए हैं, वहां विशेष सतर्कता बरतें**

श्रीमती सिंह ने मौसमी बीमारियों से संबंधित केसों की नियमित रिपोर्टिंग करने एवं आमजन को जागरूक करने के लिए निरन्तर आईईसी गतिविधियां किए जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जिन जिलों में डेंगू के केस ज्यादा सामने आए हैं, वहां विशेष सतर्कता बरती जाए। मौसमी बीमारियों की मॉनिटरिंग के लिए किए गए नवाचार ओडीके एप पर आई शिकायतों के निस्तारण के लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए जाएं।

- **90 प्रतिशत चिकित्सा संस्थानों में व्यवस्थाएं चाक-चौबंद**

निदेशक जनस्वास्थ्य, डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने बैठक में बताया गया कि हीटवेव को लेकर मार्च माह से ही ट्रेनिंग, ऑरियेंटेशन, कार्यशाला आदि कार्यक्रम शुरू कर दिए गए थे। सभी चिकित्सा संस्थानों को तैयारियों के लिए आवशयक दिशा-निर्देश जारी किए गए थे एवं अस्पतालों में आवशयक संसाधनों को लेकर अप्रेल माह में ही गेप एनालिसिस कर लिया गया था। इन तैयारियों के कारण जिला अस्पताल से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तक करीब 3500 चिकित्सा संस्थानों में से 90 प्रतिशत में व्यवस्थाएं चाक-चौबंद स्थिति में है। शेष 10 प्रतिशत में भी अधिकारियों द्वारा वैकल्पिक सुविधाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं।


## संक्षिप्त खबर

### झांकी के बाद धम्मदेशना कर बुद्ध पूर्णिमा जयंती मनाई गई



**चमकता राजस्थान, भरतपुर (राजवीर सिंह)।** भरतपुर के उपासक उपासिकाओ द्वारा त्रिरत्न बौद्ध महासंघ के धम्माचारी श्रवणवीर के सानिध्य मे बुद्ध पूर्णिमा जयंती कार्यक्रम मनाया गया सर्वप्रथम झांकी की शुरुआत सुबह 7 बजे अंबेडकर भवन विकास नगर से बाबा साहब डॉ भीम राम अंबेडकर के स्टेच्यू पर माल्यार्पण कर की गई झांकी का सूरजपोल चौराए पर महन्त मन्नू महाराज, ब्रजलाल, अमर नाथ कैन, भवर सिंह टेलर, रूप सिंह द्वारा पुष्प वर्षा और शीतल पेय से स्वागत किया गया, बिजली घर चौराहा पर कैलाश सारवान, मुकेश चौहान, अशोक जादौन, बालकिशन, मोहन करोतिया, रविकांत रैना द्वारा पुष्प वर्षा और शीतल पेय से स्वागत किया गया सोगरिया मोहल्ला पर जगदीश वैध,हरीश मंत्री,हरी सिंह बाबू तथा रैगर मोहल्ला पर जीतेंद्र सिंह तथा उनकी टीम द्वारा पुष्प वर्षा और शीतल पेय से स्वागत किया गया चौधरी मैरिज होम पर लक्ष्मण सिंह के नेतृत्व में प्रबुद्ध बहुजन मैत्री संघ द्वारा फलाहार तथा शीतल पेय से स्वागत किया हीरादास चौराहा पर रवि शेखर के नेतृत्व मे भीम भारत युवा संगठन जसवंत नगर द्वारा पुष्प वर्षा तथा बौद्ध रसामृत से स्वागत किया गया कुम्हेर गेट चौराया पर रमन लाल,सिकंदर और उनकी टीम द्वारा फलाहार तथा मीठा शरबत से स्वागत किया गया रेडक्रास सर्किल पर धर्मेन्द्र पठानिया तथा उनकी टीम द्वारा गुलाब जल तथा पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया हॉस्पिटल मोड़ पर भवर सिंह सागर के नेतृत्व मे अंबेडकर नर्सिंग यूनियन द्वारा पुष्प वर्षा तथा बूंदी वितरण कर स्वागत किया गया झांकी के समापन उपरांत प्रज्ञा बौद्ध विहार, विकास नगर में धम्माचारी श्रवणवीर द्वारा सभी उपासक उपासिकाओ धम्मदेशना दी सतीश स्टोन जी द्वारा पायस का वितरण किया गया झांकी तथा धम्मदेशना कार्यक्रम में डॉ राजाराम, विजय सिंह, महेन्द्र सिंह सिकरवार, तेजसिंह, रमेश चंद्र वर्मा, परसादी लाल, शिवचरण मधुकर, हेमंत सिंह, ओमप्रकाश, विजय सिंह कैरो, रामखिलाडी, बहादुर सिंह, रूप सिंह कैरो, विमल कुमार, मोहन सिंह, प्रेम सिंह कैन, हंसलाल, ब्रजलाल, बीरेंद्र सिंह,बीरेंद्र कुमार, किशोर सिंह, भागीरथ सिंह, प्रकाश सकीत, भगवान सिंह, रामकुमार, भूदेव सिंह, कन्हैया लाल, लेखराज सिंह, रमा देवी, शीला देवी, चन्दन सिंह, रामदयाल थानेदार, ज्ञान सिंह, भवर सिंह, अमर सिंह, हर देव सिंह,पोखन सिंह,पुष्कर सिंह,भीम सिंह भारतीय, गिर्राज सिंह, प्रेम सिंह कैन, किशन सिंह, महेन्द्र सिंह, पूरन सिंह, सुनील कुमार, कमल सिंह, श्याम सुन्दर वर्मन, संतोष कुमार, कुंवर चंद, महेंद्र अरविंद दिलीप सिंह, दिगंबर, धीरज, मुकेश पिप्पल सहित भरतपुर तथा आसपास के हजारों उपासक उपासिकाओ ने भाग लिया।

### शॉर्ट सर्किट से छप्परपोश मकान में लगी आग, घरेलू सामान जलकर स्वाहा



**सलेण्डर् में आग लगने से मची अफरा-तफरी, दमकल की सहायता से पाया आग पर काबू**

**चमकता राजस्थान, नदबई (राजवीर सिंह)।** क्षेत्र के गांव बरबारा में शॉर्ट सर्किट होने के चलते एक छप्परपोश मकान में आग लग गई। ग्रामीणों ने निजी डीपबोर की सहायता से आग बुझाने का प्रयास किया। इसी दौरान छप्परपोश मकान में रखे घरेलू सलेण्डर् में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। वही, समीपवर्ती रखे ईंधन को चपेट में ले लिया। बाद में नगर पालिका कार्यालय से पहुंची दमकल गाडी की सहायता से आग पर काबू पाया गया। लेकिन, इससे पहले छप्परपोश मकान में रखा घरेलू सामान सहित तीन अलग-अलग लोगों का ईंधन जलकर बर्बाद हो गया।सूत्रों के अनुसार शॉर्ट सर्किट से पीडित उदय सिंह के छप्परपोश मकान में आग लग गई। आग लगता देख ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया। इसी बीच छप्परपोश मकान में रखे घरेलू गैस सलेण्डर् में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। वही, आग ने विकराल रूप लेते हुए समीपवर्ती रखे मुकेश कुमार, ठाकुर सिंह व राजवीर सिंह के ईंधन को चपेट में ले लिया। नगर पालिका मुख्यालय से दो अलग-अलग दमकल गाडी मौके पर पहुंची। बाद में दमकल गाडियों की सहायता से आग पर काबू पाया गया। लेकिन, इससे पहले छप्परपोश मकान में रखा घरेलू सामान सहित ईंधन जलकर बर्बाद हो गया।

### अतिक्रमण करने वालों के हौसले बुलंद, ग्राम पंचायत भी नजर आ रही बेबस

**चमकता राजस्थान, दौसा।** अतिक्रमण करने वालों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि उनके सामने ग्राम पंचायत भी बेबस नजर आ रही है।

मामला ग्राम पंचायत सिकंदरा का है, जहां अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पंचायत ने कलेक्टर को पत्र भेजा है। ग्राम पंचायत सिकन्दरा के सरपंच रामोतार सैनी ने कलेक्टर को पत्र में बताया कि सिकन्दरा में चरागाह एवं आबादी भूमि पर हो रहे अतिक्रमण हटवाए जाएं।उन्होंने बताया कि अतिक्रमणकारियों द्वारा कई जगह बाउण्ड्रीवाल, तारबंदी, थडियां, पत्थर डालकर, टीनशेड लगाकर अतिक्रमण कर लिया है। जिस समय अतिक्रमण हो रहा था उस समय प्रशासन से बार-बार सहयोग मांगा। लेकिन अतिक्रमण हटाने के लिए सहयोग नहीं दिया। प्रशासन का सहयोग नहीं मिलने की वजह से अतिक्रमणकारियों ने जगह जगह कब्जा कर लिया है। इनमें उप तहसील एवं पंचायत समिति रोड पर, ऑक्सफोर्ड स्कूल के सामने, पुलिस थाने के साइड में, एनएच से पंचायत समिति रोड पर नदी भूमि में, पंचायत समिति रोड पर आबादी एवं चरागाह भूमि में जगह-जगह अतिक्रमण कर लिया है।

सरपंच ने प्रशासन को अब तक की गई शिकायतों की प्रतियों के साथ प्रशासन द्वारा जारी किए गए पत्र भी भेजे हैं। उन्होंने उक्त जगहों को अतिक्रमणमुक्त करवाने की मांग की है।

## पैंशनर समाज का सम्मेलन सम्पन्न

# पैंशनर की समाज सेवा में अहम भूमिका : बेढम

चमकता राजस्थान

**भरतपुर (राजवीर सिंह)।** राजस्थान पैंशनर समाज उप शाखा हलैना-वैर की ओर से हलैना-सरसैना मार्ग स्थित डी.पी.एम. शिक्षण संस्थान के सभागार में उपखण्ड स्तरीय वार्षिकोत्सव एवं पेंशनर सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसके मुख्य अतिथि गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम एवं विशिष्ट अतिथि डी.पी.एम. समूह के चेयरमैन सन्तोष चौधरी, बारा खुर्द के सरपंच प्रतिनिधि केदार गुर्जर, पेंशनर समाज भरतपुर के जिला अध्यक्ष डोरीलाल शर्मा, डीग के जिला अध्यक्ष गंगाशरण शर्मा, शिक्षाविद अजय कटारा, प्रहलाद व पुरुषोत्तम रहे। सम्मेलन की अध्यक्षता पेंशनर समाज के प्रदेश अध्यक्ष शंकर सिंह मनोहर ने की। मुख्य अतिथि गृह राज्य मंत्री जवाहर बेढम ने डी.पी.एम. समूह के बैग का विमोचन किया और सन्तोष चौधरी ने गृह राज्य मंत्री बेढम का साफा व चांदी का मुकट पहनाकर अभिनंदन किया। गृह राज्य मंत्री बेढम ने कहा कि पेंशनर की देश व समाज सेवा में अहम भूमिका होती है। ये जब सर्विस करते हैं तो सरकार की योजनाओं के संचालन में सहयोग कर आमजन तक पहुंचाते हैं और योजनाओं का लाभ लाभार्थी तक पहुंचाने में पूर्ण सहयोग रहता है। उन्होंने कहा सरकारी सेवा से रिटायर्ड होने के बाद भी ये देश व समाज की सेवा करने में अग्रणी रहते हैं। उन्होंने कहा कि पेंशनर्स समाज की मांग एवं उनकी समस्याओं को लेकर राजस्थान के लोकप्रिय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से बात करुंगा और उनका समाधान कराने का पूर्ण प्रयास करुंगा। उन्होंने कहा डी.पी.एम. समूह के चेयरमैन सन्तोष चौधरी व कार्यकारी निदेशक डॉ. प्रेमलता चौधरी ने अपने पुत्र प्रखर चौधरी के जन्म दिवस पर पेंशनर्स समाज का सम्मेलन आयोजित कराकर नेक कार्य किया है। पेंशनर्स समाज के प्रदेश अध्यक्ष शंकर सिंह मनोहर ने



कहा कि केन्द्र सरकार की भॉति राजस्थान के 80 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनरों को लाभ मिलना चाहिए और वरिष्ठ नागरिकों को रोडवेज यात्रा मे दी जा रही 50 प्रतिषत छूट का लाभ जहॉ तक राजस्थान की रोडवेज बस सेवा आती-जाती हैं वहॉ तक का मिलना चाहिए। साथ प्रदेष की भॉति प्रत्येक जिले पर पेंशनर समाज का भवन उपलब्ध होना चाहिए। पेंशनर समाज के मंत्री सुरेश सिंह पी.टी.आई. ने बताया कि पेंशनर सम्मेलन में हलैना व वैर शाखा के अलावा भरतपुर व डीग जिले के समस्त उपशाखा के पदाधिकारी, जिला व प्रदेश के जिला अधिकारी आदि शामिल हुए। सम्मेलन में शामिल सभी पशनर्स आदि को भामाशाह सन्तोष चौधरी के द्वारा सॉल उडाकर सम्मानित किया गया और सभी को एक-एक बैग भेंट किया। इस अवसर पर मिथलेश शर्मा, सतीश जिंदल, मूलचन्द मीणा, अमरसिंह मीणा, राजेन्द्र जाट, रामभरोसी सैन, रमेश नसवारा, मटोल गुर्जर सीकरी, हरिओम व्यास उच्चैन, मास्टर बलराम, केदार बाराखुर्द, शिवराम गुर्जर, सुरमन गुर्जर झालाटाला आदि ने गृह राज्य मंत्री जवाहर बेढम एवं पेंशनरों का सम्मान किया। संचालन सीकरी के मटोल गुर्जर ने तथा आभार उपशाखा के अध्यक्ष बलराम फौजदार ने प्रकट किया।

**किसने किये मात-पिता के दर्शन**

गृह राज्य मंत्री जवाहर बेढम ने पेंशनर सम्मेलन में उपस्थित हुए भरतपुर व डीग जिले के पेंशनर से पूछा कि सेवानिवृति के बाद किसने अपने माता-पिता के दर्शन किये और उनकी सेवा की। ऐसे पेंशनर्स हाथ उठाकर अवगत करायें। तो सभागार कक्ष में उपस्थित 90 प्रतिशत से अधिक पशनरों ने हाथ उठाये। जिसे देखकर गृह राज्य मंत्री बेढम गदगद हो गये।

## दौसा: ग्रीष्मावकाश में संचालित मिले विद्यालयों पर की जा रही है कडी कार्रवाई



चमकता राजस्थान

**दौसा।** ग्रीष्मावकाश के बावजूद संचालित पाए गए विद्यालयों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक घनश्याम मीणा ने बताया कि महवा परिक्षेत्र में तीन विद्यालय भगवती सीनियर सेकेंडरी स्कूल महवा, संत राजकरण दास सीनियर सेकेंडरी स्कूल महवा, सर्वोदय साइंस कैंपस महवा संचालित पाए गए, उक्त विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सीबीईओ महवा को निर्देशित किया गया है। इसी तरह निगरानी समिति द्वारा शिवाजी आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं सीनियर सेकेंडरी शांति गंगा विद्यापीठ दौसा, वात्सल्य किड्स जॉन सीनियर सेकेंडरी स्कूल दौसा की जांच की गई, जांच के दौरान विद्यालय बंद पाए गए। उन्होंने बताया कि समस्त संस्थाप्रधानों को भी निर्देशित किया गया है कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार ग्रीष्मावकाश में विद्यालय का संचालन नहीं किया जावे। विदित रहे अगर किसी विद्यालय के द्वारा आदेशों की अवहेलना कर विद्यालय का संचालन किया जाता है, तो उसके खिलाफ कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जावेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संस्थाप्रधान की होगी। उन्होंने बताया कि ग्रीष्मावकाश में निरीक्षण या पर्यवेक्षण के दौरान कोई निजी विद्यालय संचालित पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध तत्काल राजस्थान गैर सरकारी शैक्षिक अधिनियम 1989 एवं 1993 के तहत आवश्यक कार्रवाई करते हुए मान्यता निरस्त के प्रस्ताव निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर को भिजवाए जाएंगे। राज्य सरकार एवं निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर के निर्देशानुसार 17 मई से विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश चल रहा है, लेकिन हर वर्ष शिकायतें प्राप्त होती है कि कतिपय विद्यालयों के द्वारा ग्रीष्मावकाश नहीं करते हुए अवकाश के दौरान भी विद्यालयों का संचालन किया जाकर बच्चों को विद्यालय बुलाया जाता है, जो विभागीय आदेशों की अवहेलना की श्रेणी में आता है। मीणा ने बताया कि समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को नियमित जांच करने को निर्देशित किया गया है। साथ ही कार्यालय स्तर पर पांच सदस्यों की एक निगरानी टीम भी बनाई गई है। इसके संयोजक प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अट्टा बिजोरी गोपाल लाल अग्रवाल एवं अन्य सदस्य प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नांगल बैरसी शंभू दयाल मीणा, प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धर्मपुरा अनिल कुमार शर्मा, प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिशनपुरा टिकेंद्र सिंह एवं प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चांदराणा कैलाश सिंह मीणा नियुक्त किये गए हैं।


## धौलपुर में मूलभूत सुविधाओं की खातिर तरसा आमजन



चमकता राजस्थान

**धौलपुर (रामदास तरुण)।** जिला धौलपुर कि दारा सिंह नगर सेक्टर डी पुलिस लाइन सैपऊ रोड धौलपुर के लोगों ने पानी की समस्या से परेशान होकर रास्ते में सीवर लाइन की समस्या से परेशान जिला कलेक्टर निधि बी टी को सोपा ज्ञापन, अधिशासी अभियंता जलदाय विभाग धौलपुर एवं आयुक्त नगर परिषद धौलपुर से व्यक्ति से जाकर संपर्क किया जिला कलेक्टर ने शीघ्र ही समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है कॉलोनी में जलदाय विभाग की पाइपलाइन सन 2018 सन 2018-19 की पड़ी हुई है ! लेकिन अभी तक कनेक्शन नहीं हुए, जिससे जनता पानी के लिए त्राहिमाम त्राहिमाम कर रही है ! कॉलोनी 90 बी होने के बावजूद सारे विकास की राशि नगर परिषद में जमा करने के बावजूद आज तक कॉलोनी में सीसी रोड नहीं डाली गई है, जिससे बरसात के मौसम में महिला पुरुष बच्चे सभी चोटिल होने के साथ-साथआने-जाने में परेशानी महसूस करते हैं इस मौके पर प्रताप सिंह अध्यापक रविंद्र सिंह परमार ठेकेदार बृजेश कुमार शर्मा अध्यापक मुकेश पाठक अध्यापक, डॉ. मिठठन लाल शर्मा सेवानिवृत्ति अतिरिक्त निदेशक आयुर्वेद विभाग, रामदीन शर्मा अध्यापक रामबाबू शर्मा कानूनी सलाहकार हरिओम शर्मा एल आई अजय कुमार मित्तल मनीष कुमार मित्तल अजय कुमार उदानिया शारीरिक शिक्षक महेश कुमार बाबूजी मनीष कुमार शर्मा अवधेश कुमार शर्मा बाबूजी योगेश शर्मा शिवम समस्त कॉलोनीवासी ज्ञापन देने के समय उपस्थित थे।

## सैनी ने गोशाला में मनाया जन्म दिन



**चमकता राजस्थान, उदयपुरवाटी (सुमेर सिंह राव)।** लोग अपने जन्मदिन पर सैकड़ो रुपए खर्च कर देते हैं पार्टियों के साथ पैसे खर्च करते हैं ' लेकिन समाज सेवी सुशील सैनी ने अपना जन्मदिन बहुत ही सादगी पूर्वक मनाया ' उन्होंने अपने जन्म दिवस पर फिजूल खर्च ना करके ग्राम धनवावता में स्थित हिंदू माता गो सेवा सीमित उपचार केंद्र में गोवंश को फल खिलाकर नई पहल की ! सुशील सैनी बताया कि वह हर वर्ष अपने जन्म दिवस पर फिजूल खर्च ना करके गोशाला में गोवंश को फल खिलाकर अपना जन्म दिन मानते है !

## समाज सेवा में भामाशाहों का रहता है बहुत बड़ा योगदान : मदनलाल भावरिया



**चमकता राजस्थान, श्रीमाधोपुर ' (सुमेर सिंह राव)।** श्रीमाधोपुर एवं रीगस के बीच के बीच स्थित अरणिया गांव में स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में स्वर्गीय हरलाल सिंह बॉडीगर की पुण्य स्मृति में पुत्रों द्वारा वाटर कूलर लगाया गया ' राष्ट्रीय सामाजिक जन चेतना मंच के अध्यक्ष एवं समाजसेवी मदनलाल भावरिया ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि समाज सेवा में हमेशा भामाशाहों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है ' इस अवसर पर स्वर्गीय हरलाल सिंह बॉडीगर के सपुत्रों सुरेंद्र सिंह यादव बीज अधिकारी नागौर ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गडी जोड़ा अरनिया स्कूल में वाटर कूलर भेंट किया ' इस अवसर पर अरणिया सरपंच प्रतिनिधि सीताराम बाडीगर, छीतर मल, बाबूलाल बाडीगर, रामस्वरूप बाडीगर कमांडेड एनएसजी ,रोशन कुमार यादव वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक बाबूलाल बाडीगर,श्री राम अध्यापक ,पूर्ण प्रकाश यादव वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक, बाबूलाल बॉडीगर, डॉ रामकुमार ,अर्जुन यादव वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक, हरफूल जादिम, प्रकाश यादव वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक, रामधन बाडीगर, बजरंग बाडीगर समाजसेवी, हरलाल, कानाराम हानिनवाल, लक्ष्मण आरएम मोटर्स, सुशील संजीवनी मेडिकल, नागरमल श्री बालाजी सीड्स, बनवारी अरोमा सीड्स, विजयपाल वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक , नरेंद्र जादिम समाजसेवी डॉ सत्येंद्र सहित कई गणमान्य एवं बुद्धिजीवी लोग उपस्थित रहे।

## आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन व प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

चमकता राजस्थान

**नगर (राजवीर सिंह)।** संत रविदास सेवा विकास समिति के तत्वाधान में आठवां आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन बौद्ध पूर्णिमा के उपलक्ष्य में 23 मई 2024 गुरुवार को कृष्णा गार्डन मैरिज होम नगर(डीग)में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत समिति प्रधान डॉ आरिफ खान ने की।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संजना जाटव लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी भरतपुर रही। विशिष्ट अतिथि के रूप में सरोज वर्मा रिटायर्ड व्याख्याता,डॉ सुरेश,नरेश गिरदावर,श्याम सिंह मेथना रहे। मुख्य अतिथि लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी संजना जाटव ने गौतम बौद्ध भगवान और संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान कर उनको खुशहाल जीवन जीने की कामना की। संजना जाटव ने कहा कि संत



रविदास विकास समिति प्रदेश अध्यक्ष लाल चंद तेनगुरिया द्वारा किया जा रहा सामूहिक विवाह सम्मेलन को समाज में अच्छी पहल बताते हुए कहा कि समाज में फिजूल खर्चे पर लगाम लगा कर एक गरीब की बेटी का घर बस जायेगा और कहा बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर ने सबको समानता का अधिकार दिया है। बाबा साहब के बताए हुए सिदांतों को अपनाकर सबको अनुसरण करने की बात कही। पंचायत समिति नगर प्रधान डॉ आरिफ खान ने कहा कि लाल चंद तेनगुरिया के द्वारा विवाह सम्मेलन कराने से दहेज मुक्त समाज बनाने में काफी योगदान होगा। समाज सेवी व्याखाता सरोज वर्मा के द्वारा समाज हित में किए गए कार्यों की सराहना की। प्रदेश अध्यक्ष लाल चंद तेनगुरिया एवं बदलता बहुजन संपादक ने बताया कि यह आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन में कुल 7 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। जिसमे 4 जोड़ो का विवाह बौद्ध रीति से संपन्न करा कर भंते जी ने बौद्ध प्रतिज्ञाओ को वर वधु को अनुसरण कराया। और तीन जोड़ों का विवाह हिंदू रीति रिवाज से संपन्न कराया।इस उपलक्ष्य में प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं एवं भामाशाहों को रविदास की प्रतिमा भेट कर माला साफा पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम मंच संचालन रामस्वरूप प्रभाती रिटायर्ड वरिष्ठ अध्यापक ने किया।

## सचिव रेखा यादव ने किया सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण



**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)।** जिले में पीडित महिलाओं की सहायता हेतु महिला अधिकारिता विभाग द्वारा निर्भया योजना के अंतर्गत संचालित सखी वन स्टॉप सेन्टर का दिनांक 24.05.2024 को जिला विधिक सेवाप्राधिकरण धौलपुर की सचिव एडीजे रेखा यादव द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सचिव यादव द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर द्वारा संधारित रजिस्टरों का अवलोकन किया एवं सेन्टर द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया तथा मौजूद स्टाफ को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने बताया गया कि सरकार द्वारा प्रत्येक जिले में पीडित महिलाओं को विधिक सलाह एवं उनकी सुरक्षा हेतु सखी वन स्टॉप सेंटर संचालित किये गये हैं। पीडित एवं जरूरतमंद महिलाओं को सखी सेन्टर द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का लाभ उठाना चाहिए। सखी वन स्टॉप सेन्टर के अन्तर्गत सभी प्रकार की हिंसा से पीडित महिलाओं एवं बालिकाओं को एक ही स्थान पर अस्थाई आश्रय, पुलिस डेस्क, विधिक सहायता, चिकित्सा एवं काउन्सलिंग की सुविधा उपलब्ध करायी जाती है।

एक नजर

## 3 घंटे की बारिश में बह गई 4 करोड़ की सड़क



**नवादा ।** नवादा जिले के रजौली थानाक्षेत्र के सुदूरवर्ती पंचायत सवैयाटांड़ को मुख्यालय से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत धमनी से लेकर सवैयाटांड़ तक पक्की सड़क का निर्माण किया गया है जो शुक्रवार को तीन घंटे की बारिश में बह गई।उक्त योजना से लगभग 9 किलोमीटर सड़क बनाया गया है, जिसकी लागत 394.687 लाख रुपया है। सड़क बनने के बाद स्थानीय सांसद चंदन सिंग,विधान पार्षद नीरज सिंह,अशोक यादव,विधायक प्रकाशवीर और सैकड़ो ग्रामीणों की उपस्थिति में उक्त सड़क का उद्घाटन कर लोगों को समर्पित किया गया था,जिससे बुढ़ियासाख सहित सवैयाटांड़ पंचायत के लोगों में काफी खुशी देखने को मिलती थी लेकिन हुई झमाझम बारिश ने सड़क की गुणवत्ता का पोल खोल कर रख दी,क्योंकि बारिश के पानी के साथ ही सड़क भी बह गई,जिससे गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण पर संदेह होता है,जबकि अभी पूरा बरसात बाकी है । ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण के समय ही अगर गुणवत्ता का ख्याल रखा गया होता तो आज ऐसी स्थिति नही होती।

## शांतिपूर्ण चुनाव कराने को लेकर सभी तैयारियां हुई पूरी

**पूर्वी चंपारण।** शिवहर व पूर्वी चंपारण संसदीय क्षेत्र में शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए प्रशासन ने सभी तैयारा पूरी कर ली गयी है। भयमुक्त मतदान कराने को लेकर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किये गये हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम सौरभ जोरवाल ने बताया कि दोनों संसदीय क्षेत्रों में शुक्रवार को मतदान कर्मी मतदान केंद्रों के लिए रवाना हो जाएंगे। भारत नेपाल सीमा सील रहेगा। आने-जाने वाले यात्रियों व वाहनों की गहन जांच होगी। पूर्वी चंपारण में 850 मतदान केन्द्रों की लाइव वेबकॉस्टिग की जायेगी। 171 माइको प्रेक्षक 214 सेक्टर की सतत निगरानी करेगे। पूरे क्षेत्र में मतदान दल की संख्या 7925 है। उन्होंने बताया कि शिवहर में मतदान दल की संख्या 8225 है।

## आग में चार घर जल कर खाक

**अलीपुरद्वार।** भीषण आग में एक ही परिवार के चार घर जलकर खाक हो गए हैं। घटना शुक्रवार तड़के फालाकाटा ब्लॉक के फालाकाटा दो नंबर ग्राम पंचायत के चुआखोला इलाके की है। घटना से गांव में हड़कंप मच गया। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। घर के मालिक लक्ष्मीकांत बर्मन ने बताया कि तड़के अचानक घर में आग लग गई। आग लगने से परिवार के सभी सदस्य घर से बाहर आ गए। जिसके बाद गांव वालों की मदद से आग बुझाने में जुट गए। घटना की सूचना पाकर फालाकाटा फायर ब्रिगेड की एक इंजन मौके पर पहुंची और घंटों की मशक्कत आग पर काबू पाया गया। आग में उनके चारों घर का सारा सामान जलकर राख हो गया है। फायर ब्रिगेड के अधिकारी के अनुसार, आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है। मामले की जांच की जा रही है।

## मवेशियों से लदी कंटेनर जब्त, तीन पकड़े गए

**सिलीगुडी।** सिलीगुडी सेक्टर के अंतर्गत 176वीं बटालियन सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की बॉर्डर आउट पोस्ट फुलबाड़ी के विशेष मोबाइल चेकिंग पार्टी ने अभियान चलाकर मवेशियों से भरी एक कंटेनर को जब्त किया है। इस मामले में कंटेनर चालक सहित तीन को पकड़ा गया है। पकड़े गए लोगों के नाम कंटेनर चालक नूर आलम (27), ऐनुल हक (22) और जौनशेख (35) है। बीएसएफ ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी है। बीएसएफ के अनुसार, एनएच-31 पर गुरुवार देर रात महानंदा बैराज की ओर से आ रही एक कंटेनर को पुलिस टोल प्लाजा फूलबाड़ी के पास मोबाइल चेकिंग पार्टी ने रोका। पार्टी ने चालक से कंटेनर में लदे मवेशियों से संबंधित दस्तावेज पेश करने के लिए कहा कि लेकिन चालक ने संबंधित कागजात नहीं दिखा पाया। जिसके बाद टीम ने कंटेनर को अपने कब्जे में ले लिया। वहीं, चालक सहित तीन लोग को पकड़ लिया। कंटेनर से 42 मवेशी बरामद किए गए है।

## एसटीएफ ने हथियारों के सौदागर को दबोचा

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के बउबाजार थाना इलाके में पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने हथियारों के एक सौदागर को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान 48 साल के अब्दुल मजीद के तौर पर हुई है। मूल रूप से हावड़ा जिले के लिलुया थाना अंतर्गत रेल कॉलोनी का रहने वाला अब्दुल गुरुवार शाम बउबाजार थाना क्षेत्र के सेंट्रल मेडिकल डिपार्टमेंट के सामने पकड़ा गया था। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से छह इंप्रोवाइज्ड देसी कट्टे बरामद हुए थे और आठ एमएम की 100 गोलियां मिली हैं। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि वह बंदूक बेचने का काम लंबे समय से करता रहा है। एसटीएफ के डीसी आईपीएस वी सोलोमन नेशा कुमार ने शुक्रवार दोपहर बताया कि लंबी पूछताछ के बाद उसे देर रात गिरफ्तार किया गया है।

# ओबीसी पर हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे : ममता

संवाददाता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार 2010 के बाद से राज्य में जारी किए गए सभी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) प्रमाणपत्र रद्द करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती देगी। ममता बनर्जी ने दक्षिण 24 परगना जिले के सागर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गर्मी की छुट्टियों के बाद आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत में अपील करेगी। उन्होंने कहा, हम ओबीसी प्रमाणपत्रों को रद्द करने संबंधी आदेश को नहीं मानते। हम ग्रीष्म अवकाश के बाद शीर्ष अदालत में अपील करेंगे। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में 2010 से कई वर्गों को दिया गया अन्य पिछड़ा वर्ग का दर्जा बुधवार को रद्द कर दिया था। अदालत ने कहा था कि मुसलमानों के 77 वर्गों को पिछड़ा वर्ग श्रेणी की सूची में शामिल करना उनके साथ वोट बैंक की तरह बर्ताव करना है। ओबीसी में हिंदू समुदाय के भी कई वर्ग आते हैं लेकिन उन्हें सर्टिफिकेट नहीं दिया गया। जबकि अधिक से अधिक मुसलमानों को इसका लाभ सबसे अधिक मिलने वाला है। बनर्जी ने चुनावी रैली में अपने संबोधन में मतदाताओं से आग्रह किया कि वे तृणमूल कांग्रेस को छोड़कर भाजपा या किसी अन्य पार्टी को एक भी वोट न दें ताकि विपक्षी गठबंधन इंडिया केंद्र में सरकार बना सके।

### ममता ने फिर उठाया न्यायपालिका पर सवाल, कहा : हमेशा रहूंगी इंडी गठबंधन में

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को दक्षिण 24 परगना जिले के मथुरापुर लोकसभा क्षेत्र में पार्टी उम्मीदवार बापी हलधर के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान सीएम ममता ने अपने संबोधन में सीधे तौर पर न्यायपालिका पर सवाल खड़ा किया। ममता ने कहा कि हम न्यायालयों और न्यायिक प्रणाली का बहुत सम्मान करते हैं। लेकिन मुझे यह कहते हुए दुःख हो रहा है कि कुछ न्यायाधीशों के फैसले बुनियादी योग्यता नहीं रखते। एक न्यायाधीश ने आरएसएस से अपने जुड़ाव को स्वीकार किया है। सीएम ममता की यह टिप्पणी कलकत्ता हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश चित्तरंजन दास के हालिया बयान को लेकर आई है। उन्होंने 20 मई को न्यायिक सेवा से सेवानिवृत्त होने के दिन अपने व्यक्तित्व को आकार देने का श्रेय आरएसएस को दिया था। इससे पहले, कलकत्ता हाईकोर्ट की एक पीठ ने बुधवार को एक आदेश जारी कर पश्चिम बंगाल में 2010 के बाद जारी सभी अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र रद्द कर दिए थे।

## सीमा पर 85 लाख का सोना बरामद

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के छठे चरण से पहले, दक्षिण बंगाल सीमान्त के अंतर्गत सीमा चौकी घोजाडांगा पर बीएसएफ के जवानों ने पश्चिम बंगाल के जिला उत्तर 24 परगना की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक बड़ी सफलता हासिल की है। बीएसएफ जवानों ने सोने की तस्करी के प्रयास को विफल कर एक भारतीय तस्कर को सोने के 11 बड़े और चार छोटे टुकड़ों के साथ गिरफ्तार किया, जब वे मोटरसाइकिल के एयर फिल्टर में छिपाकर सोने के इन टुकड़ों को बांग्लादेश से भारत में तस्करी करने की कोशिश कर रहा था। जब्त किए गए सोने के टुकड़ों का कुल वजन 1166.48 ग्राम है और अनुमानित बाजार मूल्य 85 लाख 15 हजार 304 रुपये है। बीएसएफ ने शुक्रवार को बताया है कि पकड़े गए मोटरसाइकिल सवार की पहचान रबीउल रहमान गाजी के रूप में हुई।

## चुनाव से पहले कोलकाता में हथियार बरामद, एक गिरफ्तार



संवाददाता

**कोलकाता।** मतदान से पहले कोलकाता में हथियार बरामद। पता चला है कि कोलकाता पुलिस की एसटीएफ ने गुरुवार शाम बउबाजार थाना क्षेत्र के बीएन सरकार सारणी इलाके में छापेमारी की। 6 देशी बंदूकें, 4 एमएम के 100 कारतूस बरामद किये गये। घटना में अब्दुल मजीद नाम के युवक को गिरफ्तार किया गया है। जांच में पता चला कि अब्दुल मजीद (48) लिलुआ का रेलवे कालोनी की रहने वाला है। गुप्त सूत्रों से सूचना मिलने के बाद कोलकाता पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स को सादे कपड़ों में बउबाजार इलाके में तैनात किया गया। अब्दुल मजीद को संदिग्ध रूप से इलाके में घूमते देखा गया। पुलिस ने पहले मजिद से जाकर पूछताछ की। उसकी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर तलाश जारी रही। भारी मात्रा में हथियार बरामद हुए। जांचकर्ता यह पता लगा रहे हैं कि हथियार कहां ले जाए जा रहे थे, इस गिरोह का मुखिया कौन है। मजिद को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया। इस बीच, गुरुवार को बनगांव और आसनसोल में तलाशी के दौरान दो हथियार विक्रेता बंगाल एसटीएफ के जाल में फंस गये। दो अर्ध-स्वचालित पिस्तौल और सत्तावन जीवित कारतूस सहित कुल छह आग्नेयास्त्र बरामद किए गए।

## घाटल के दासपुर में बीजेपी नेता की कार से लाखों रुपये बरामद



संवाददाता

**कोलकाता।** मतदान से एक दिन पहले घाटल के दासपुर में बीजेपी नेता की कार से लाखों रुपये बरामद। बताया गया है कि अब तक करीब 24 लाख रुपये बरामद किये जा चुके हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक कैश की गिनती अभी भी जारी है। ड्राइवर से पूछताछ की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार दासपुर खुकुरदा में नाका चेकिंग चल रही थी। उस वक्त स्थानीय बीजेपी नेता प्रशांत बेरा की कार को रोका गया था। कार की तलाशी लेने पर 24 लाख रुपये बरामद हुए। पुलिस सूत्रों के मुताबिक कोई भी उस पैसे का कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका। इसकी जांच की जा रही है कि बरामद रुपये कहां ले जाये जा रहे थे। पैसे के स्रोत की जांच की जा रही है। इस घटना को लेकर तृणमूल ने बीजेपी पर हमला बोला है। हालांकि बीजेपी का दावा है, ये पार्टी का पैसा है। वह पैसा पार्टी कार्यालय के रखरखाव के लिए ले जाया जा रहा था।

## सज धज कर तैयार है रक्सौल का आदर्श मतदान केन्द्र



एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** जिले का रक्सौल विधानसभा जो सीमांकन में पश्चिमी चंपारण लोकसभा क्षेत्र में आता है,वहां छठे चरण में शनिवार को होनेवाले मतदान को लेकर रक्सौल शहर के हजारीमल उच्च विद्यालय को आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया है। एसडीएम शिवाक्षी दीक्षित ने शुकवार को बताया कि चुनाव को लेकर आदर्श मतदान केन्द्र पर भव्य व आकर्षक पंडाल लगाया गया है, जिसे रंग बिरंगे झालरों से सजाया गया है। इसके साथ ही यहां मतदाताओ के लिए सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है। जहां युवा व अन्य वोटर सेल्फी ले सकेंगे। उन्होने बताया कि रक्सौल विधानसभा क्षेत्र में कुल चार आदर्श मतदान केन्द्र बनाये गये है। इनमें बूथ संख्या 222 उत्क्रमित मध्य विद्यालय बैरिया भेडीहारी आदापुर, बूथ संख्या 48,49 एवं 50 हजारीमल उच्च विद्यालय रक्सौल शामिल है। जिन सभी आदर्श मतदान केंद्रों पर महिला मतदान कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जहां सभी मतदान कर्मी मतदान केन्द्र पर पहुंच गए है। मतदान सुबह सात से शाम छह बजे तक होगी। रक्सौल विधान सभा क्षेत्र में कुल 289 मतदान केन्द्र बनाया गया है।

## प्रधानाध्यापक ने छात्रा से की छेड़खानी, गिरफ्तार

एजेंसी




**नवादा।** नवादा में गुरु -शिष्या की रिश्ता को शर्मशार करने का एक मामला शुक्रवार को प्रकाश में आया है,जहां एक वहशी शिक्षक ने नाबालिग छात्रा के साथ छेड़छाड़ की है. घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन और स्थानीय लोग आक्रोशित होकर शुक्रवार की दोपहर स्कूल पहुंचकर आरोपित शिक्षक को पकड़कर पीटा और पुलिस के हवाले भी कर दिया।

मामला जिले के हिसुआ थानाक्षेत्र का है. यहां उत्क्रमित मध्य विद्यालय बलियारी के प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार चौधरी पर छात्रा ने छेड़छाड़ व दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगाया है. परिजन ने हिसुआ थाने में आवेदन दिया है. आवेदन में बताया गया है कि उनकी पुत्री मुन्नी कुमारी (काल्पनिक नाम )अपने मौसा - मौसी के यहां रहकर पढ़ाई करती थी. 22 मई को वह अपने घर से सुबह 07 बजे उत्क्रमित मध्य विद्यालय बलियारी पढ़ने के लिए गई थी. क्लास शुरू होने के बाद विद्यालय के प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार चौधरी ,जो नवादा जिले के गोन्दापुर कन्हाई नगर निवासी हैं, उन्होंने दो छात्रा को अपने कार्यालय में बुलाया. उसके बाद एक बच्ची को पानी लाने के बहाने बाहर भेज दिया. अकेली पाकर मेरी पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने लगा. विरोध करने पर छात्रा को रुपयों का प्रलोभन दिया गया. जब छात्रा नहीं मानी तो उसे धमकाया गया. उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश की गई लेकिन वह वहां से भाग निकली. घर पहुंचने पर छात्रा ने अपनी आप बीती परिजनो को बताई. स्कूल में छुट्टी हो गया था. जिस कारण 24 मई को परिजन और स्थानीय लोग स्कूल पहुंचे. प्रिंसिपल से पूछताछ की. उग्र लोगों ने उसके साथ मारपीट की. मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शिक्षक को गिरफ्तार कर थाने ले आयी। पुलिस पीड़ित छात्रा से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई में जुट गई. प्रभारी थानाध्यक्ष एसआई रूपा कुमारी ने बताया कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक पर नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोप है. उसे गिरफ्तार कर लिया गया है. छात्रा का बयान दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 164 के तहत शुक्रवार को कोर्ट में कराया गया है. बहरहाल इस मामले को लेकर हिसुआ थाने पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने बांटे भोजन

**भागलपुर।** स्टूडेंट्स फॉर सेवा बिहार के नवगछिया जिला इकाई के कार्यकताओं ने शांति भोज में बचे हुए भोजन को संग्रह कर शुक्रवार को नवगछिया प्रखंड के कदवा दियारा क्षेत्र के बस्तियों में वितरण किया और छोटे छोटे बच्चे को नियमित रूप में स्कूल जाने के लिए जागरूक किया गया। अभाविप के गतिविधि सेवार्थ विधार्थी दक्षिण बिहार के प्रांत सह संयोजक अनुज चौरसिया ने बताया कि हमलोग समाज में किसी भी तरह के भोज में बचे भोजन को संग्रह कर जरूरतमंद लोगों तक पहुँचाने का कार्य करते हैं। लोगों से भोजन नष्ट होने से बचाने का आग्रह करते हैं। अभाविप नवगछिया के नगर उपाध्यक्ष अरविंद सिंह ने बताया कि आज लगातार तीन वर्षों से हम सभी अभाविप कार्यकर्ता समाज में भोजन बर्बाद ना हो इसके लिए जनजागरण का कार्य करते हैं। जहाँ कार्यक्रम होता है उस समाज के बच्चे को नियमित स्कूल जाकर पढ़ने के लिए भी जागरूक करने का कार्य करते हैं।

## छठे चरण की वोटिंग में और भी ज्यादा केंद्रीय बलों की संख्या बढ़ी



संवाददाता

**कोलकाता।** रात बीतने के बाद छठे चरण वोट। दिल्ली पर कब्जा करने की लड़ाई में छठे चरण का चुनाव। बंगाल की इन आठ सीटों तमलुक, कांथी, झाड़ग्राम, घाटल, मेदिनीपुर, पुरुलिया, बांकुरा और बिष्णुपुर में शनिवार को चुनाव हैं। चुनाव आयोग ने छठे चरण के मतदान के लिए त्वरित प्रतिक्रिया टीमों (क्यूआरटी) की संख्या बढ़ा दी है।

छठे चरण के मतदान के लिए राज्य में केंद्रीय बलों की कुल 919 कंपनियां तैनात की जा रही हैं। हालांकि राज्य के पास फिलहाल केंद्रीय बलों की 1020 कंपनियां हैं। पता चला है कि सातवें चरण के मतदान में इन 1020 कंपनी बलों का इस्तेमाल किया जायेगा। कल होने वाले छठे चरण के मतदान के लिए पश्चिम मेदिनीपुर जिले में केंद्रीय बलों की 218 कंपनियां तैनात की जा रही हैं। पूर्वी मेदिनीपुर के लिए केंद्रीय बलों की 237 कंपनियां रखी जा रही हैं। चुनाव आयोग ने बांकुरा के लिए 178 कंपनियां, झारग्राम के लिए 133 कंपनियां, पुरुलिया के लिए 137 कंपनियां और पूर्वी बर्दवान जिले में 16 कंपनियां तैनात करने की योजना बनाई है। इसके अलावा आयोग द्वारा 919 त्वरित प्रतिक्रिया टीमें भी तैयार की जा रही हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से झारग्राम को सुरक्षा संबंधी व्यय (एसआरई) क्षेत्रों की सूची में शामिल किया गया है। नतीजतन, अति वामपंथी क्षेत्र सूची में नहीं होने के बावजूद चुनाव आयोग संबंधित क्षेत्रों को तवज्जो दे रहा है।

हत्या

हत्या के बाद मुख्य आरोपी की पुलिस के साथ बैठक हुई

# नंदीग्राम में हत्या के मामले में बीजेपी मंडल अध्यक्ष गिरफ्तार

संवाददाता

**कोलकाता।** बीजेपी महिला कर्मी की हत्या को लेकर गुरुवार को पूरे दिन नंदीग्राम उत्तप्त रहा। इसी बीच शुक्रवार को वहां बीजेपी के मंडल अध्यक्ष को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक गिरफ्तार शख्स का नाम धनंजय घड़ा है। वह बीजेपी के नंदीग्राम 1 मंडल के अध्यक्ष हैं। तमलुक के बीजेपी उम्मीदवार अभिजीत गंगोपाध्याय के नामांकन के दिन अशांति में उनका नाम शामिल था। उन्हें तमलुक पुलिस स्टेशन में दर्ज एक शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया था। धनंजय को नंदीग्राम से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के बाद उन्हें तमलूक ले जाया गया। गिरफ्तार व्यक्ति को वहां की अदालत में पेश किया जाएगा। बुधवार की रात नंदीग्राम के सोनाचुरा में भाजपा की महिला कर्मी रतिबाला आडी की हत्या करने का आरोप तृणमूल से जुड़े बदमाशों पर लगा है। उस घटना को लेकर बीजेपी कार्यकताओं और समर्थकों ने गुरुवार को पूरे दिन विरोध प्रदर्शन किया। पद्म शिविर ने पुलिस पर भी मिलीभगत का आरोप लगाया है। विपक्ष के नेता और नंदीग्राम के विधायक शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया कि हत्या के बाद मुख्य आरोपी की पुलिस के साथ बैठक हुई थी। हत्या को लेकर गरमाए माहौल के बीच भाजपा मंडल अध्यक्ष गिरफ्तार। अभिजीत ने 5 मई को अपना नामांकन दाखिल किया था। उस दिन, भाजपा उम्मीदवारों और पार्टी कार्यकताओं-समर्थकों ने जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय तक मार्च किया। तमलुक अस्पताल चौराहे पर बेरोजगार शिक्षक भूख हड़ताल पर पहुंचे तो हंगामा शुरू हो गया। नारेबाजी, जवाबी नारे, धक्का-मुक्की से माहौल गरमा गया। दावा है कि बीजेपी के जुलूस के दौरान अभिजीत और सुभेंदु को निशाना बनाकर 'चोर-चोर' के नारे लगाए गए। तभी जुलूस में से कुछ लोग कथित तौर पर जूते लेकर बेरोजगारों को भूख हड़ताल की ओर ले गए। मंच की कुर्सियां तोड़ने के साथ-साथ ईंटें भी फेंकी गईं। आरोप है कि उस घटना में भूख हड़ताल पर मौजूद कई बेरोजगार शिक्षक घायल हो गये। इसके बाद तमलुक थाने में अभिजीत समेत कई बीजेपी कार्यकताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, यह गिरफ्तारी उसी शिकायत के आधार पर की गई है।

- **बीजेपी के जुलूस के दौरान अभिजीत और सुभेंदु को निशाना बनाकर 'चोर-चोर' के नारे लगाए गए**



## मध्याह्न भोजन बनाते वक्त गैस सिलेंडर फटा, प्रधानाध्यापक सहित तीन झुलसे

एजेंसी



**भागलपुर।** जिले के रंगरा प्रखंड स्थित प्राथमिक मध्य विद्यालय मदरौनी में शुक्रवार को खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर ब्लास्ट कर गया। इस घटना में विद्यालय के प्रधानाध्यापक समेत तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए। सभी घायलों को नवगछिया अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से डॉक्टरों ने तीनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल, भागलपुर रेफर कर दिया। घायलों में प्रधानाध्यापक इंद्रजीत कुमार, सहायक शिक्षक विपिन कुमार एवं रसोई सविता देवी हैं। बताया जा रहा है कि विद्यालय में बच्चे कक्षा में पढ़ाई कर रहे थे। रसोईया भी मध्याह्न भोजन बनाने के लिए गैस सिलेंडर में रेगुलेटर लगा रही थी। इसी दौरान गैस लीक होने से सिलेंडर में आग लग गई और सिलेंडर ब्लास्ट कर गया। धमाका इतना जबरदस्त था कि स्कूल की दीवारों में दरारें आ गईं। आधे किलोमीटर तक धमाके की आवाज सुनाई दी। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण विद्यालय पहुंचे। सूचना के बाद आसपास के विद्यालयों के सहयोगी शिक्षक भी घटनास्थल पर पहुंचे। घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों में प्रधानाध्यापक इंद्रजीत कुमार की स्थिति गंभीर बनी हुई है। उनके चेहरे पर गंभीर चोट लगी है। घटना के संबंध में शिक्षक मुकेश ने कहा कि घटना की जानकारी मिलने पर हम लोग स्कूल पहुंचे, जहां प्रधानाध्यापक समेत तीन लोग जख्मी थे। उन्होंने कहा कि खाना बनाने के दौरान हादसा हुआ है। रेगुलेटर लगाने के दौरान गैस लीक होने से सिलेंडर में आग लग गई ।

## एक नजर

### नगालैंड के राज्यपाल गणेशन ने किए रामलला के दर्शन



**अयोध्या।** नगालैंड के राज्यपाल ला गणेशन ने शुक्रवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला का दर्शन-पूजन किया। दर्शन के बाद पत्रकारों से बातचीत में गणेशन ने कहा कि जब कल्याण सिंह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे तब अयोध्या आया था, लेकिन प्रभु राम के जन्मभूमि मंदिर में विराजमान होने के बाद आज पहली बार अयोध्या आया हूं। राज्यपाल गणेशन को अयोध्या सर्किट हाउस में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

### भाजपा ने अमर शहीद करतार सिंह सराभा को नमन किया

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अमर शहीद करतार सिंह सराभा को आज उनकी जयंती पर नमन किया है। भाजपा ने पुण्य स्मरण करते हुए एक्स हैंडल पर लिखा है, "मात्र 19 वर्ष की आयु में देश की स्वतंत्रता के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर शहीद करतार सिंह सराभा जी की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।" उल्लेखनीय है कि करतार सिंह सराभा का जन्म 24 मई 1896 को हुआ था। वो भारत को अंग्रेजों की दासता से मुक्त करने के लिए अमेरिका में बनी गदर पार्टी के अध्यक्ष थे। भारत में एक बड़ी क्रांति की योजना बनाने के आरोप में अंग्रेजों ने उन्हें अन्य कई लोगों के साथ 16 नवंबर, 1915 को फांसी पर चढ़ा दिया था।

### सिंधुदुर्ग के वेंगुर्ले बंदरगाह पर नाव पलटी, दो नाविकों की मौत, दो की तलाश जारी

**मुंबई।** सिंधुदुर्ग जिले के वेंगुर्ले बंदरगाह में बीती रात सात नाविकों सहित नाव पलट जाने से दो लोगों की मौत हो गई है। इस घटना में तीन नाविक तैर कर किनारे आ गए, जबकि दो नाविक अभी भी लापता हैं। शुक्रवार को सुबह से ही लापता नाविकों को खोजने का काम जारी है। जानकारी के अनुसार 23 मई की रात वेंगुर्ले बंदरगाह पर एक नाव में सात नाविक समुद्र में गए थे। अचानक समुद्र में तेज हवाओं की वजह से नाव अनियंत्रित होकर पलट गई और सात नाविक डूब गए। उनमें से तीन नाविक तैर कर किनारे पर पहुंच गए, जिससे उनकी जान बच गई। इनमें से चार नाविक लापता थे। उन्हें ढूंढने के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया गया। शुक्रवार सुबह दो नाविकों के शव मिले हैं, जबकि अभी दो नाविक लापता हैं।

### सांबा में संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने के बाद चला तलाशी अभियान

**सांबा।** सांबा जिले के बेइन-लालाचक इलाके में संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने के बाद अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास कई गांवों में तलाशी अभियान चलाया गया। एहतियात के तौर पर शुरू किए गए तलाशी अभियान के दौरान निगरानी के लिए ड्रोन भी तैनात किए गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि तलाशी के दौरान ब्लैक पैंथर ऑपरेशंस कमांड वाहन का भी इस्तेमाल किया गया है, क्योंकि सुरक्षाबल गांवों के अलावा खेत और जंगली इलाकों में भी तलाशी ले रहे हैं। कर्मियों ने सीमा के करीब रहने वाले लोगों के पहचान दस्तावेज की भी जांच की। खबर लिखे जाने तक सुरक्षाबलों ने मंगुचेक, सादेचेक, रीगल और चहवाल समेत कई अग्रिम गांवों की तलाशी ली और आगे तलाशी अभियान जारी है।

### पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने उपराष्ट्रपति से मुलाकात की



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने शुक्रवार को उपराष्ट्रपति निवास जाकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा करते हुए यह जानकारी दी। हालांकि मुलाकात किस विषय को लेकर थी, यह नहीं बताया गया।

### मोदी ने अंबाला सड़क हादसे पर दुख जताया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को हरियाणा के अंबाला में हुए सड़क हादसे पर दुख जताया है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, 'हरियाणा के अंबाला में हुआ सड़क हादसा अत्यंत पीड़ादायक है। इस दुर्घटना में जिन्होंने अपनों को खोया है, उन शोकाकुल परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा है।' उल्लेखनीय है कि हरियाणा के अंबाला में सड़क हादसे में एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गई। हादसे में 20 लोग घायल हैं।

### नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन को स्वार्थी एवं अवसरवादी करार दिया, बोले

# आरक्षण छीन कर एक खास वर्ग को देना चाहती है कांग्रेस

एजेंसी

**शिमला।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन को स्वार्थी एवं अवसरवादी करार दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस घोर सांप्रदायिक, जातिवादी और परिवारवादी पार्टी है। कांग्रेस एवं उसके साथी एससी, एसटी और ओबीसी से आरक्षण छीनकर अपने खास वोट बैंक को देना चाहते हैं। संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव आंबेडकर ने आरक्षण का प्रावधान किया लेकिन कांग्रेस के लोग इसको खत्म कर अपने वोट बैंक मुस्लिम जेहादियों को देना चाहते हैं।

- कांग्रेस जातिवादी और परिवारवादी पार्टी




प्रधानमंत्री मोदी ने शिमला लोकसभा क्षेत्र के नाहन में शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप के समर्थन में आयोजित चुनावी जनसभा में कहा कि कांग्रेस की सरकार ने कर्नाटक में यह कर दिखाया है और ओबीसी के अधिकार लेकर मुस्लिमों को दे दिए। ऐसा ही पश्चिम बंगाल में भी देखने को मिला है। पश्चिमी बंगाल की सरकार ने 77 मुस्लिम जातियों को ओबीसी का आरक्षण दे दिया था। दो दिन पहले कलकता हाई कोर्ट ने 77 मुस्लिम जातियों के आरक्षण को खत्म किया लेकिन वहां की मुख्यमंत्री हाई कोर्ट के आदेश को भी नहीं मान रही हैं और संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। इडी गठबंधन के घटक दल अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए ऐसी हरकतें कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 60 साल तक सामान्य वर्ग के गरीबों की परवाह नहीं की। यह भी नहीं सोचा कि उनको भी आरक्षण की जरूरत है। मोदी ने सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को 10 फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया और देश में कोई झगड़ा नहीं हुआ। आज इस कारण सामान्य वर्ग के लोगों को अवसर मिल रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने सैनिकों को चार दशक तक वन रैंक वन पैंशन के लिए तरसाया। वर्ष 2014 में एनडीए सरकार ने सैनिकों को बड़ी सौगात देते हुए वन रैंक वन पेंशन को लागू किया। केंद्र सरकार वन रैंक वन पैंशन को लागू कर फौजियों को सवा लाख करोड़ रुपये दे चुकी है। जबकि कांग्रेस ने अपने शासन काल में सैनिकों के साथ मजाक करते हुए महज 500 करोड़ का प्रावधान किया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी जो गारंटी देता है, वो गारंटी पूरी होनी की गारंटी होती है। एक तरफ मोदी की गारंटी है तो दूसरी तरफ कांग्रेस का बबार्दी का माडल है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए राम मंदिर का विरोध कर रही है। कांग्रेस कहती थी कि मंदिर वहीं बनाएंगे, लेकिन तारीख नहीं बताएंगे। हमने तारीख भी बताई समय भी बताया लेकिन इन लोगों ने प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार किया। जब रामलला भव्य मंदिर में विराजित हुए तो लोगों ने घरों व गांवों में दीपावली मनाई। हर हिंदुस्तानी खुश हुआ लेकिन कांग्रेस इसको बर्दाश्त नहीं कर पा रही है।

### कांग्रेस को भारत मात की जय और वंदे मातरम कहने में दिक्कत : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सीमा से सटा राज्य है और यहां के लोग एक मजबूत और ताकतवर सरकार का मतलब जानते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी आपके लिए जान की बाजी लगा देगा लेकिन आप पर कभी संकट नहीं आने देगा। आपने कांग्रेस का दौर देखा है जब एक कमजोर सरकार देश में होती थी और पाकिस्तान हमारे सर पर चढ़कर नाचता था। कांग्रेस की कमजोर सरकार दुनिया में गुहार लगाती फिरती थी लेकिन हमने निश्चित किया कि भारत अब दुनिया के पास भीख नहीं मांगेगा। भारत अपनी लड़ाई खुद लड़ेगा और फिर भारत ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों को मारा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को भारत माता की जय और वंदे मातरम कहने से दिक्कत है। ऐसी कांग्रेस कभी हिमाचल का भला नहीं कर सकती। मोदी ने कहा कि हिमाचल की सीमाएं पड़ोसी देशों सेटी हैं और कांग्रेस ने देश के सीमावर्ती इलाकों को अपने हालत पर छोड़ दिया था। कांग्रेस शासन में सीमवर्ती इलाकों पर सड़कें नहीं बनाई गईं। हमारी सरकार के कार्यकाल में सीमाओं पर सड़कें व आधारभूत ढांचा मजबूत किया गया और सीमा पर रहने वाले लोगों का जीवन आसान हुआ है।

# आरक्षण पर डाका डालकर मुस्लिम तुष्टीकरण करना चाहता है आईएनडीआई गठबंधन : नड्डा

एजेंसी



**कुशीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शुक्रवार को एक चुनावी जनसभा में इंडी गठबंधन पर करारा प्रहार किया। नड्डा ने कहा कि इंडी गठबंधन राम विरोधी, राष्ट्र विरोधी व सनातन विरोधी है। कांग्रेस-नीत यूपीए सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दिया था कि राम काल्पनिक हैं। फिर कांग्रेस के लोग राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में कैसे जाते। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन दलित एवं पिछड़ा विरोधी भी है। यह आरक्षण पर डाका डालकर मुस्लिम तुष्टीकरण करना चाहते हैं।

भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने कुशीनगर जिले के साखोपार स्थित किसान इंटर कॉलेज में आयोजित जनसभा में कहा कि इंडी गठबंधन के घटक दलों की सरकारें भ्रष्टाचार में लिप्त रहती थीं। इंडी गठबंधन के लोग कहते हैं भ्रष्टाचारियों को बचाओ। इस समय सारे भ्रष्टाचारी एक साथ आ गये हैं। इन लोगों ने कोयला घोटाला, चीनी घोटाला, चावल घोटाला, श्री-जी घोटाला, टू-जी घोटाला, पनडुब्बी घोटाला समेत कई घोटाले किए। धरती, आकाश, हवा, समुद्र में घोटाला किया। अखिलेश यादव ने गोमती रीवर फ्रंट घोटाला और लैपटाप घोटाला किया। लालू यादव चारा खा गये। नौकरी के बदले जमीन घोटाला किया।

नड्डा ने कुशीनगर के प्रत्याशी विजय दुबे को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की और कहा कि हम मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाकर विकसित भारत बनाने का काम करेंगे। यही उत्तर प्रदेश माफिया राज के लिए जाना जाता था। यहीं पर हमारी बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं थीं। उत्तर प्रदेश से व्यापारी पलायन करते थे। माफिया दिन दहाड़े किसी की भी हत्या कर देते थे। आज सभी माफिया जेल में हैं। एक समय उत्तर प्रदेश फिरौती व अपहरण के लिए जाना जाता था। आज व्यापारी अपने व्यापार में लगे हैं। यह बदलता हुआ उत्तर प्रदेश हमें देखने को मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि 10 साल पहले का भारत और आज का बदलता भारत। भारत का साधारण नागरिक यह सोचता था कि इस देश में कुछ नहीं बदलेगा। यह ऐसे ही चलेगा। राजनीति के सहारे हम कब तक रहेंगे। एक प्रकार से उदासीनता का माहौल था। आज साधारण नागरिक विकसित भारत का संकल्प लेकर चल पड़ा है।

भाजपा सरकार की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए नड्डा ने कहा कि भारत में देश की 80 करोड़ जनता को राशन दिया जा रहा है। 11 करोड़ 78 लाख किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि जा रही है। मोदी ने चार करोड़ प्रधानमंत्री आवास बनाये। अगले पांच साल में तीन करोड़ और प्रधानमंत्री आवास बन जाएंगे। दस साल में 55 हजार किलोमीटर हाइवे बने। कुशीनगर में मेडिकल कालेज खुल गया है। मोदी सरकार ने विकास के नये आयाम लिखने का काम किया है। आने वाले समय में आपके घर का बिजली बिल जीरो हो जाएगा। पीएम सूर्य घर योजना के तहत हर घर की छत पर सौर ऊर्जा लगाई जाएगी। जिससे हर घर को मुफ्त बिजली मिलेगी और जो बिजली बचेगी उसे सरकार खरीदेगी।

# प्रज्जवल रेवन्ना का पासपोर्ट रद्द करने की प्रक्रिया शुरू

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने कर्नाटक सरकार के अनुरोध पर पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते प्रज्जवल रेवन्ना का पासपोर्ट रद्द किए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और इस संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया है। सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है।

विदेश मंत्री का भी इस संबंध में एक बयान आया है। इसमें उन्होंने कहा है कि प्रज्जवल रेवन्ना का पासपोर्ट अभी रद्द नहीं किया गया है। विदेश मंत्रालय को कर्नाटक सरकार से इस संबंध में अनुरोध प्राप्त हुआ था। मंत्रालय नियमों के तहत कार्रवाई कर रहा है।

कर्नाटक की हासन सीट से सांसद प्रज्जवल रेवन्ना को जनता दल (सेक्यूलर) से कथित 'यौन उत्पीड़न' मामले में निष्कासित किया जा चुका है। कर्नाटक की क्षेत्रीय पार्टी के टिकट पर वे इसी सीट से चुनावी मैदान में भी हैं। 26 अप्रैल को सीट पर मतदान हुआ था, जिसके एक दिन पहले रेवन्ना के कुछ अश्लील वीडियो वायरल हुए थे। मामले में कार्रवाई से पहले ही वे विदेश भाग गए।

- जारी किया कारण बताओ नोटिस
- रेवन्ना के कुछ अश्लील वीडियो हुए थे वायरल



प्रज्जवल रेवन्ना के वीडियो वायरल होने के बाद से ही तरह-तरह के आरोप सामने आ रहे हैं। विपक्ष विशेषकर कांग्रेस इसको लेकर जेडीएस और उसकी सहयोगी भाजपा पर हमलावर है। मामले में रेवन्ना के खिलाफ पुलिस जांच जारी है। हालांकि वह पहले ही विदेश जा चुके हैं।

### अंबाला में भीषण सड़क हादसा

# वैष्णो माता के दर्शन करने जा रहे सात श्रद्धालुओं की मौत

एजेंसी

**अंबाला।** हरियाणा के अंबाला जिले में हुए सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में 19 लोग घायल हैं। यह सभी लोग ट्रैवलर से वैष्णो माता के दर्शन के लिए जा रहे थे। यह हादसा ट्रैवलर के आगे चल रहे ट्रॉले से टकराने की वजह से हुआ।

मृतकों में छह माह की बच्ची और एक दंपति भी शामिल हैं। सभी लोग उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के बताए जा रहे हैं। यह हादसा अंबाला-दिल्ली हाइवे स्थित मोहड़ा के पास रात करीब 2 बजे हुआ। ट्रैवलर में कुल 26 लोग थे। इस हादसे में ट्रैवलर का एक हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और घायल हाइवे पर ही इधर-उधर गिर गए। कुछ घायल ट्रैवलर में ही फंस गए थे। चीख-पुकार सुनने पर राहगीरों ने घायलों को निकाला और पुलिस की मदद से एंबुलेंस के जरिए अंबाला छावनी के नागरिक अस्पताल व आदेश अस्पताल में दाखिल करवाया। नागरिक अस्पताल के डॉ. कौशल कुमार ने मृतकों की संख्या की पुष्टि की है। मोहड़ा पुलिस को घायल धीरज ने बताया कि वह लोग 23 मई की शाम को वैष्णो देवी के लिए रवाना हुए थे और सभी एक ही परिवार के सदस्य हैं।

# मेडिकल कॉलेज के चार सीनियर डॉक्टर रैगिंग मामले में निलंबित

एजेंसी

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद महानगर पालिका (एएमसी) संचालित मणिनगर नरेन्द्र मोदी मेडिकल कॉलेज के 4 सीनियर डॉक्टरों को रैगिंग के मामले में निलंबित कर दिया गया है। चारों सीनियर डॉक्टरों पर अपने जूनियर डॉक्टरों के साथ रैगिंग का आरोप है। जूनियर डॉक्टरों की शिकायत पर मामला कॉलेज की एंटी रैगिंग कमेटी के पास भेजा गया। जांच में दोषी पाए गए इन सभी चार डॉक्टरों पर सख्त कार्रवाई की गई है, जिनमें दो महिला डॉक्टर भी हैं।

- मणिनगर नरेन्द्र मोदी मेडिकल कॉलेज की घटना
- कॉलेज की एंटी रैगिंग कमेटी का आदेश



एएमसी संचालित मणिनगर नरेन्द्र मोदी मेडिकल कॉलेज में 4 सीनियर डॉक्टरों की शिकायत एंटी रैगिंग कमेटी से की गई थी। इसके अनुसार जूनियर डॉक्टरों को 7 दिनों तक नहाने से मना करने, एक ही प्रिस्क्रिप्शन को 700 बार लिखने आदि का काम सौंपा जाता था। जो ऐसा नहीं करते उन्हें तरह-तरह से परेशान किया जाता। कॉलेज की एंटी रैगिंग कमेटी में शिकायत मिलने पर इसकी जांच के बाद डॉ व्रज वाधाणी को 2 साल, डॉ शिवानी पटेल को एक वर्ष, डॉ करण कुमार पारेजिया को 25 दिन और डॉ अनेरी नायक को 25 दिन के लिए निलंबित कर दिया गया है।

### चारधाम यात्रा के दौरान अब तक 52 श्रद्धालुओं की मौत

**देहरादून।** चारधाम यात्रा के दौरान अब तक कुल 52 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से सबसे अधिक 23 श्रद्धालुओं की केदारनाथ में मृत्यु हुई है। अधिकतर श्रद्धालु 60 साल से अधिक आयु के हैं। शुक्रवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में गढ़वाल कमिश्नर और मुख्यमंत्री के सचिव विनय शंकर पाण्डेय ने प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गंगोत्री में 03, यमुनोत्री में 12, बदरीनाथ में 14 और केदारनाथ में 23 यात्रियों सहित कुल 52 यात्रियों की मृत्यु हुई है। ज्यादातर की उम्र 60 वर्ष से अधिक है और ज्यादातर मौत का कारण हार्ट अटैक बताया गया है।

### राष्ट्रीय रक्षा अकादमी | सेना प्रमुख ने पासिंग आउट परेड को किया संबोधित

# नई तकनीक के सहारे सैन्य क्रांति पर दिया जोर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने शुक्रवार को नई तकनीक के सहारे सैन्य क्रांति पर जोर देते हुए सशस्त्र बलों में शामिल जवानों से एकजुटता की भावना को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने पासिंग आउट कोर्स के गौरवान्वित माता-पिता के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त की, जिन्होंने अपने बच्चों को सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए भेजा।

सेना प्रमुख आज खेत्रपाल परेड ग्राउंड, एनडीए, खड़कवासला में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के 146वें कोर्स की पासिंग आउट परेड को संबोधित कर रहे थे। परेड में कुल 1265 कैडेटों ने भाग लिया, जिनमें से 337 कैडेट पासिंग आउट कोर्स से थे। इसमें 199 सेना कैडेट, 38 नौसेना कैडेट और 100 वायु सेना कैडेट शामिल थे, जिनमें भूटान, ताजिकिस्तान, अफगानिस्तान, श्रीलंका, म्यांमार और मालदीव जैसे मित्र देशों के 19 कैडेट थे। इसके अलावा 24 महिला कैडेटों के एक दल ने भी परेड में भाग लिया, जो अपने तीसरे और चौथे प्रशिक्षण सत्र में हैं।

- जनरल मनोज पांडे ने एनडीए के 146वें कोर्स की पासिंग आउट परेड की समीक्षा की
- सीओएएस ने कैडेटों से सेवा में एकजुटता की भावना को आगे बढ़ाने का आह्वान किया



सैन्य नेतृत्व के उद्गम स्थल के रूप में जाना जाने वाला एनडीए देश का प्रमुख संयुक्त सेवा प्रशिक्षण संस्थान है। जून, 2021 में 146वें कोर्स को शामिल किया गया और तीन साल के कठोर सैन्य प्रशिक्षण को पूरा करने के बाद कैडेट उत्तीर्ण हुए। कैडेट अब अपने-अपने प्री-कमीशनिंग प्रशिक्षण अकादमिक में शामिल होंगे। परेड की समीक्षा करते हुए थल सेनाध्यक्ष ने पासिंग आउट कोर्स के कैडेटों, पदक विजेताओं और चैंपियन स्क्वाड्रन को उनकी कड़ी मेहनत और शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

उन्होंने देश सेवा के लिए सेना में अपने बच्चों को भेजने वाले माता-पिता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कैडेटों को सेवा में आगे बढ़ने के साथ-साथ एकजुटता की भावना को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने शुक्रवार को नई तकनीक के सहारे सैन्य क्रांति पर जोर देते हुए सशस्त्र बलों में शामिल जवानों से एकजुटता की भावना को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। पासिंग आउट परेड के बाद राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के हट ऑफ रिमेंबरेंस में सेना प्रमुख ने उन बहादुरों को श्रद्धांजलि दी, जिनके नाम पवित्र परिसर में अंकित हैं। इस पवित्र स्मारक की दीवारें पिछले 75 वर्षों में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्रों के अदम्य साहस, वीरता और असंख्य बलिदानों की गाथा बयां करती हैं।

# महाराष्ट्र का 73 फीसदी हिस्सा सूखे की चपेट में, 19 जिले प्रभावित : शरद

एजेंसी

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने शुक्रवार को कहा कि महाराष्ट्र का 73 फीसदी हिस्सा सूखे की चपेट में है और राज्य के 19 जिले प्रभावित हैं। राज्य में लोकसभा चुनाव अब खत्म हो चुके हैं। इन हिस्सों में सरकार की ओर से मदद की जानी चाहिए, जिससे लोगों को राहत मिल सके।

शरद पवार ने आज पत्रकारों को बताया कि महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में बेमौसम बारिश का कहर जारी है, लेकिन राज्य के अधिकांश हिस्सों में सूखे की गंभीरता भी बढ़ती जा रही है। नासिक, छत्रपति संभाजीनगर शहरों सहित कई जिलों में पेयजल की भारी कमी हो गई है। 19 जिले सूखे से प्रभावित हैं। कुल मिलाकर राज्य का 73 फीसदी हिस्सा सूखे की चपेट में है। राज्य सरकार ने 1500 राजस्व मंडलों में सूखा घोषित कर दिया गया है, लेकिन वहां मदद नहीं पहुंच रही है। राज्य में पानी की स्थिति गंभीर है। जलाशयों में बहुत कम जल बचा है। संभाजीनगर में 1561 टैंकरों की मांग है, लेकिन पानी की आपूर्ति कम है।

शरद पवार ने कहा कि सूखे की स्थिति को देखते हुए फसल ऋण के प्री-फॉर्मेशन, ऋण वसूली को रोक देना चाहिए। बिजली आपूर्ति बाधित नहीं होनी चाहिए, रोजगार गारंटी में ढील दी जानी चाहिए। शैक्षणिक शुल्क माफ किया जाना चाहिए। सूखे का असर इंसानों के साथ-साथ जानवरों पर भी पड़ रहा है, इसलिए चारा शिविर शुरू किए जाने चाहिए। शरद पवार ने यह भी कहा कि ये मांगें सूखा प्रभावित इलाके के लोगों की हैं और हम वो मांगें सरकार से कर रहे हैं।

शरद पवार ने कहा कि चुनाव के दौरान भी इस तरह की दिक्कतें आ रही थीं, लेकिन आचार संहिता की वजह से सरकार को सूखे के लिए उपाय योजना करना कठिन था। अब सूबे में चुनाव खत्म हो गया है, इसलिए चुनाव आयोग से अनुमति लेकर सरकार सूखाग्रस्त जिलों में मदद कर सकती है।

## एक नजर

### संयुक्त राष्ट्र ने फीफा के प्रतिवर्ष विश्व फुटबॉल सप्ताह मनाने के प्रस्ताव को दिया समर्थन



**जिनेवा।** फीफा ने गुरुवार को घोषणा की कि प्रतिवर्ष विश्व फुटबॉल सप्ताह मनाने के प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र का समर्थन प्राप्त है। विश्व फुटबॉल दिवस, जिसे बहरीन, लीबिया और ताजिकिस्तान द्वारा शुरू किया गया था और बाद में इस महीने की शुरुआत में महासभा में 170 देशों द्वारा सर्वसम्मति से अपनाया गया, वैश्विक स्तर पर इस तरह का समर्थन दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेल फुटबॉल की एकीकृत शक्ति और लोगों और देशों को एक साथ लाने की इसकी क्षमता का प्रमाण है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 25 मई को वार्षिक विश्व फुटबॉल दिवस को फुटबॉल की वैश्विक पहुंच और वाणिज्य, शांति और कूटनीति सहित विभिन्न क्षेत्रों में इसके प्रभाव के रूप में स्वीकार किया और यह माना कि फुटबॉल सहयोग के लिए जगह बनाता है। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैनटिनो ने 21-25 मई तक विश्व फुटबॉल सप्ताह शुरू करने का आह्वान किया और उनके प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र और ग्रुप ऑफ फ्रेंड्स ऑफ फुटबॉल ने समर्थन दिया।

### फ्रेंच ओपन 2024, पुरुष एकल ड्रा: पहले दौर में अलेक्जेंडर ज्वेरेव से भिड़ेंगे राफेल नडाल

**नई दिल्ली।** चौदह बार के चैंपियन राफेल नडाल 2024 फ्रेंच ओपन के पहले दौर में अलेक्जेंडर ज्वेरेव से भिड़ने के लिए तैयार हैं। गुरुवार को टूर्नामेंट का ड्रा घोषित किया गया। यह दो साल पहले हुए उनके सेमीफाइनल का रीमैच होगा जब ज्वेरेव को टखने में चोट लग गई थी जिसके कारण उन्हें प्रतियोगिता से रिटायर होना पड़ा था। नडाल कूल्हे की चोट के कारण पिछले साल के संस्करण में नहीं खेल पाए थे और संभव है कि क्ले कोर्ट में यह उनकी आखिरी उपस्थिति हो सकती है। गत चैंपियन नोवाक जोकोविच शुरुआती दौर में स्थानीय वाइल्डकार्ड पियरे-ह्यूजेस हर्बर्ट से भिड़ेंगे। नडाल और जोकोविच ड्रा के एक ही हाफ में हैं और सेमीफाइनल में भिड़ सकते हैं। मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन और दूसरी वरीयता प्राप्त जननिक सिनर, यूएसए के क्रिस्टोफर यूबैंक्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। दो बार के मेजर चैंपियन, तीसरी वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्कराज, पहले दौर में क्वालीफायर विजेता खिलाड़ी से भिड़ेंगे।

### एफआईएच प्रो लीग 2023/24 : बेल्जियम ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम को 4-1 से हराया

**एंटवर्प।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम शुक्रवार को एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 के यूरोपीय चरण के अपने दूसरे मैच में बेल्जियम के खिलाफ 1-4 से हार गई। भारत के लिए अभिषेक (55') ने एकमात्र गोल किया, जबकि बेल्जियम के लिए फेलिक्स डेनेयर (22'), अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स (34', 60') और सेड्रिक चार्लियर (49') ने स्कोर किये। मैच की शुरुआत में दोनों टीमों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया, खासकर बेल्जियम अधिक खतरनाक दिख रहा था; हालांकि, भारतीय रक्षात्मक इकाई ने भी अच्छी तरह से दबाव का सामना किया औप पहला क्वार्टर गोल रहित समाप्त हुआ। दोनों टीमों ने दूसरे क्वार्टर की अच्छी शुरुआत की। दूसरे क्वार्टर के पहले तीन मिनट में भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन हरमनप्रीत के शॉट को बेल्जियम के गोलकीपर ने रोक दिया। हालांकि, मैच के 22वें मिनट में फेलिक्स डेनेयर ने गोल कर बेल्जियम को 1-0 की बढ़त दिला दी। मध्यांतर कर बेल्जियम की टीम 1-0 से आगे रही। मध्यांतर के बाद भारत ने आक्रामक खेल शुरू किया, लेकिन बेल्जियम की रक्षापंक्ति ने भारतीय टीम को कोई मौका नहीं दिया। मैच के 34वें मिनट में बेल्जियम को पेनल्टी कॉर्नर मिला और अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स ने गोल कर अपनी टीम को 2-0 से आगे कर दिया। मैच के 49वें मिनट में सेड्रिक चार्लियर के शानदार फील्ड गोल से बेल्जियम ने अपनी बढ़त 3-0 कर दी। मैच खत्म होने से पांच मिनट पहले अभिषेक ने गोल कर भारत का खाता खोला और स्कोर 3-1 हो गया। मैच के अंतिम मिनट में बेल्जियम को पेनल्टी स्ट्रोक मिला जिसे अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स (60') ने सफलतापूर्वक गोल में बदल दिया और अपनी टीम को 4-1 से जीत दिला दी।

### हॉकी इंडिया ने जरमनप्रीत सिंह को 100 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे करने पर दी बधाई

**एंटवर्प।** हॉकी इंडिया ने जरमनप्रीत सिंह को 100 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे करने पर बधाई दी है। जरमनप्रीत ने शुक्रवार को बेल्जियम के खिलाफ एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। अपनी निपुणता के लिए पहचाने जाने वाले पंजाब के डिफेंडर जरमनप्रीत ने ब्रेडा में 2018 पुरुष हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए पदार्पण किया, जहां भारत दूसरे स्थान पर रहा। वह उस टीम का हिस्सा थे जिसने मस्कट, ओमान में 2018 पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण पदक जीता था। 27 वर्षीय खिलाड़ी ने ढाका, में 2021 पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम के तीसरे स्थान पर रहने में एक अभिन्न भूमिका निभाई। वह बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे जरमनप्रीत ने 2023 में हांग्जो में एशियाई खेलों में भारतीय टीम के साथ स्वर्ण पदक जीता और वर्तमान में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 के यूरोप चरण में खेलने वाली टीम का हिस्सा हैं। इस बड़ी उपलब्धि के बारे में पूछे जाने पर जरमनप्रीत ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, 100 अंतरराष्ट्रीय मैचों में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना वास्तव में सम्मान की बात है।

# बीसीसीआई ने मुख्य कोच की भूमिका के लिए किसी ऑस्ट्रेलियाई से संपर्क नहीं किया: शाह

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने उन खबरों का खंडन किया है कि उन्होंने या बीसीसीआई की शीर्ष संस्था ने टीम इंडिया के मुख्य कोच की भूमिका के लिए किसी पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर से संपर्क किया था। भारतीय पुरुष टीम के मुख्य कोच के रूप में राहुल द्रविड़ का कार्यकाल जून में टी20 विश्व कप समाप्त होने के बाद समाप्त होने वाला है।



जय शाह ने कहा कि बीसीसीआई द्वारा टीम इंडिया के मुख्य कोच की भूमिका के लिए किसी पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर से संपर्क करने की खबरें 'पूरी तरह से गलत' हैं। उन्होंने कहा कि भारत के मुख्य कोच के लिए घरेलू क्रिकेट की गहन जानकारी होना जरूरी है। जय शाह ने शुक्रवार को एक बयान में कहा,न तो मैंने और न ही बीसीसीआई ने कोचिंग की पेशकश के साथ किसी पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर से संपर्क किया है। कुछ मीडिया वर्गों में चल रही रिपोर्टें पूरी तरह से गलत हैं। हमारी राष्ट्रीय टीम के लिए सही कोच ढूंढना एक सावधानीपूर्वक और गहन प्रक्रिया है। हम ऐसे व्यक्तियों की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिसे भारतीय क्रिकेट संरचना की गहरी समझ है और टीम इंडिया को अगले स्तर पर ले जाने के लिए यह महत्वपूर्ण है कि हमारे कोच को हमारे घरेलू क्रिकेट ढांचे की गहन जानकारी हो। जय शाह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच की भूमिका सबसे प्रतिष्ठित होती है। बीसीसीआई सचिव ने कहा कि मुख्य कोच की भूमिका के लिए 'उच्च स्तर की व्यावसायिकता' की जरूरत है। उन्होंने कहा, जब हम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के बारे में बात करते हैं, तो भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच से अधिक प्रतिष्ठित कोई भूमिका नहीं है। टीम इंडिया के पास विश्व स्तर पर सबसे बड़ा प्रशंसक आधार है, जिसे वास्तव में बेजोड़ समर्थन प्राप्त है। हमारा समृद्ध इतिहास, खेल के प्रति जुनून इसे बनाता है। यह दुनिया की सबसे आकर्षक नौकरियों में से एक है। इस भूमिका के लिए उच्च स्तर की व्यावसायिकता की आवश्यकता होती है, क्योंकि इसमें दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों को तैयार किया जाता है और एक अरब प्रशंसकों की आकांक्षाओं को पूरा किया जाता है यह एक बड़ा सम्मान है और बीसीसीआई सही उम्मीदवार को चुनेगा, जो भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने में सक्षम हो।

### द्रविड़ ही रहेंगे कोच

पिछले साल नवंबर में फाइनल में पहुंचने के बाद भारत घरेलू मैदान पर आईसीसी क्रिकेट विश्व कप नहीं जीत सका था, इसलिए वर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को जून तक विस्तार दिया गया था। बता दें कि 1 से 29 जून तक वेस्टइंडीज और यूएसए में आईसीसी टी20 विश्व कप होना है और तब कर कोच द्रविड़ ही रहेंगे। इस महीने की शुरुआत में, बीसीसीआई ने पुरुषों की राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे, जिसका कार्यकाल इस साल 1 जुलाई से शुरू होगा और 31 दिसंबर, 2027 को समाप्त होगा, जो वह वर्ष होगा जब अगला 50 ओवर का क्रिकेट विश्व कप होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 27 मई शाम 6 बजे तक होगी। चयन प्रक्रिया में आवेदनों की गहन समीक्षा, उसके बाद व्यक्तिगत साक्षात्कार और शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों का मूल्यांकन शामिल होगा।

### मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट

# सेमीफाइनल में पहुंची पीवी सिंधु

एजेंसी

**कुआलालम्पुर।** डबल ओलंपिक पदक विजेता पी.वी. सिंधु ने मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है।



सिंधु ने शुक्रवार को यहां खेले गए क्वार्टरफाइनल मुकाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की हान यू को शिकस्त दी। दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी सिंधु ने 55 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल मुकाबले में हान को 21-13, 14-21, 21-12 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु अब अंतिम चार चरण में इंडोनेशिया की पुत्रि कुसुमा वदार्नी और थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेंगी। अन्य परिणामों में, अश्मिता चालिहा का शानदार प्रदर्शन क्वार्टर फाइनल में चीन की छठी वरीयता प्राप्त झांग यी मैन से 10-21, 15-21 से हार के साथ समाप्त हुआ।

### अमेरिका ने किया बड़ा उलटफेर, जीता पहली टी-20 सीरीज

**ह्यूस्टन।** अमेरिका ने बांग्लादेश को दूसरे टी-20 मैच में 6 रनों से हराकर अपनी पहली ऐतिहासिक टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीती। प्रेयरी व्यू क्रिकेट कॉम्पलेक्स में तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे मैच में, मेजबान टीम ने जीत हासिल की और तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। एक अच्छी सतह पर 144 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए, बांग्लादेश के बल्लेबाजों को प्रवाह और लय के लिए संघर्ष करना पड़ा और अंततः अनुशासित गेंदबाजी के सामने उन्हें घुटने टेकने पर मजबूर होना पड़ा।

# तीरंदाजी विश्व कप चरण 2: फाइनल में भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम



चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने पहले 16वें राउंड में वियतनाम को 159-152 से हराया था

एजेंसी

**येचियोन।** भारतीय तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम और प्रियांश ने शुक्रवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप चरण 2 में कंपाउंड मिश्रित टीम फाइनल में प्रवेश कर लिया है, जिससे भारत का एक और पदक पक्का हो गया। ज्योति, परनीत कौर और अदिति स्वामी की कंपाउंड महिला टीम ने बुधवार को फाइनल में जगह बनाकर भारत के लिए पहले ही एक पदक पक्का कर लिया था। युवा कंपाउंड तीरंदाज प्रथमेश फुगे की नजर भी व्यक्तिगत वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्का करने पर है। भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम, जो विश्व रैंकिंग में नंबर 2 पर है, ने 16 तीरों से केवल दो अंक गंवाए, और मेजबान देश की हान सेउंगयोन और यांग जेवोन की जोड़ी को कड़े सेमीफाइनल में 158-157 से हरा दिया।

शनिवार को स्वर्ण पदक मैच में ज्योति और प्रियांश का सामना अमेरिका की ओलिविया डीन और सॉयर सुलिवन से होगा।

चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने पहले 16वें राउंड में वियतनाम को 159-152 से हराया था। इसके बाद भारत ने पांचवीं वरीयता प्राप्त मेक्सिको पर क्वार्टरफाइनल में 156-155 से जीत दर्ज की थी। दीपिका कुमारी तुर्की की एलिफ बेरा गोक्किर को 6-4 से हराकर रिकर्व महिला व्यक्तिगत स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंच गईं। भारतीय खिलाड़ी का सामना अब शीर्ष वरीयता प्राप्त और स्टेज 1 विजेता दक्षिण कोरिया के लिम सी-ह्योन से होगा।दीपिका कुमारी और तरुणदीप राय की रिकर्व मिश्रित टीम, जिनके पास 34 साल से अधिक का संयुक्त अंतरराष्ट्रीय अनुभव है, क्वार्टरफाइनल में हारने के बाद खाली हाथ लौटेंगी।

दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के रूप में क्वालीफाई करने के बाद यह जोड़ी खराब शुरुआत के बाद 10वीं वरीयता प्राप्त स्पेन से 2-6 (33-37, 36-38, 39-34, 34-36) से हार गई।

# फीफा विश्व कप: भारतीय टीम घोषित की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय सीनियर पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने गुरुवार को 6 जून को कुवैत के खिलाफ आगामी फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए 27 सदस्यीय टीम की घोषणा की। कुल 32 खिलाड़ी भुवनेश्वर में शिविर में प्रशिक्षण कर रहे थे, जिनमें से फुरबा लाचेनपा, पार्थिब गोगोई, इमरान खान, मुहम्मद हम्माद और जितिन एमएस को शिविर से रिलीज कर दिया गया। स्टिमक ने एआईएफएफ के हवाले से कहा, वे सभी बहुत पेशेवर और मेहनती थे। उनके बीच प्रतिस्पर्धा वास्तव में कड़ी है, खासकर जितिन और पार्थिब के पदों पर।

पार्थिब और हम्माद को कुछ दिन पहले मामूली चोटें लगी थीं और उन्हें 7-14 दिनों के आराम की जरूरत होगी। बाकी खिलाड़ी 29 मई तक भुवनेश्वर में ट्रेनिंग करते रहेंगे, जिसके बाद वे कोलकाता जाएंगे। ग्रुप ए के अपने आखिरी दो मैचों में 11 जून को कतर से भिड़ने से पहले भारतीय टीम 6 जून को विवेकानन्द युवा भारती क्रिरंगन में कुवैत से भिड़ेगी। भारत वर्तमान में चार मैचों में चार अंकों के साथ ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर है। समूह की शीर्ष दो टीमें फीफा विश्व कप क्वालीफायर के राउंड 3 के लिए क्वालीफाई करेंगी और एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 में अपनी जगह पक्का करेंगी।



**भारत की 27 सदस्यीय टीम इस प्रकार है :-**

**गोलकीपर:** गुरप्रीत सिंह संधू, अमरिंदर सिंह, विशाल कैथ।
**डिफेंडर:** अमेय रानावाडे, अनवर अली, जय गुप्ता, लालचुंगनुंगा, मेहताब सिंह, नरेंद्र, निखिल पुजारी, राहुल भेके, सुभाशीष बोस।
**मिडफील्डर:** अनिरुद्ध थापा, ब्रैंडन फर्नांडिस, एडमंड लालरिंडिका, जेकसन सिंह थौनाओजम, लालियानजुआला चांगटे, लिस्टन कोलाको, महेश सिंह नाओरेम, नंदकुमार सेकर, सहल अब्दुल समद, सुरेश सिंह वांगजम।
**फॉरवर्ड:** डेविड लालह्लानसंगा, मनवीर सिंह, रहीम अली, सुनील छेत्री, विक्रम प्रताप सिंह।

# जिनेवा ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे नोवाक जोकोविच

एजेंसी



**जिनेवा।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने गुरुवार को यहां डचमैन टालोन ग्रिक्सपुर को 7-5, 6-1 से हराकर जिनेवा ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जोकोविच ने यह मुकाबला 77 मिनट में जीता। दुनिया के 27वें नंबर के ग्रिक्सपुर, 28-सदस्यीय जिनेवा टूर्नामेंट में छठी वरीयता प्राप्त थे। यह टूर्नामेंट अगले सप्ताह से शुरू हो रहे फ्रेंच ओपन से पहले वार्म-अप के रूप में कार्य करता है।

शुक्रवार को सेमीफाइनल में जोकोविच का सामना चेक गणराज्य के टॉमस मचाक से होगा, जिन्होंने अमेरिका के एलेक्स मिशेलसन को 6-3, 7-6(2) से हराया।

गुरुवार के अन्य मैचों में, दूसरी वरीयता प्राप्त नॉर्वे के कैस्पर रूड ने अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बेज को 6-3, 3-6, 6-4 से हराया, जबकि इटली के फ्लेवियो कोबोली ने कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर शेवचेंको को 6-4, 6-4 से हराया।

## वाणिज्य

# रिकॉर्ड हाई पर पहुंचने के बाद लुढ़का शेयर बाजार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार ने शुक्रवार को एक बार फिर मजबूती का नया रिकॉर्ड बनाया। निफ्टी ने पहली बार 23 हजार अंक के आंकड़े को पार किया, लेकिन बाद में मुनाफावसूली का दबाव बन जाने की वजह से शेयर बाजार ने अपनी बढ़त गंवा दी। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.01 प्रतिशत और निफ्टी 0.05 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। आज दिन भर के कारोबार के दौरान ऑयल एंड गैस, मीडिया, टेलीकॉम और कैपिटल गुड्स सेक्टर के शेयर बढ़त के साथ कारोबार करते नजर आए। दूसरी ओर आईटी, एफएमसीजी, मेटल, हेल्थकेयर और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में मिला-जुला कारोबार होता नजर आया, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.23 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.20 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया।



बाजार की कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 10 कारोबारी दिन के बाद पहली बार घट गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन कारोबार के बाद घट कर 419.82 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 420.22 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 40 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,945 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,700 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,143 शेयरों में गिरावट का रुख रहा। 102 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए।

# केंद्र सरकार ने 262.48 लाख टन गेहूं खरीदा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के बीच अच्छी खबर है। गेहूं की खरीदारी पिछले साल से आगे निकल गई है। केंद्र सरकार ने गेहूं खरीद विपणन वर्ष 2024-25 में 262.48 लाख टन गेहूं खरीदा है। इससे पिछले विपणन वर्ष में कुल खरीद 262.02 लाख टन रही थी। मुख्य रूप से पंजाब और हरियाणा में गेहूं की अच्छी खरीद से कुल खरीदारी को बढ़ावा मिला है।



उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि केंद्रीय भंडारण के लिए 262.48 लाख टन रबी मौसम का अनाज गेहूं खरीदा जा चुका है। इससे 59,715 करोड़ रुपये के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के साथ 22.31 लाख किसानों को लाभ हुआ है। गेहूं खरीद विपणन वर्ष 2024-25 के दौरान पंजाब में 124.26 लाख टन, हरियाणा में 71.49 लाख टन, मध्य प्रदेश में 47.78 लाख टन, राजस्थान में 9.66 लाख टन और उत्तर प्रदेश में 9.07 लाख टन गेहूं की खरीद की गई है।

मंत्रालय के मुताबिक चावल की खरीद भी सुचारू रूप से जारी है। 489.15 लाख टन चावल के बराबर 728.42 लाख टन धान करीब 1,60,472 करोड़ रुपये के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 98.26 लाख किसानों से खरीदा गया है।

खाद्य मंत्रालय ने बताया कि गेहूं और चावल का संयुक्त भंडार वर्तमान में केंद्रीय भंडार पूल में 600 लाख टन से अधिक है।

## संक्षिप्त समाचार

### रोडवेज का राज्य में ''कोई भी व्यक्ति प्यासा न रहे'' अभियान

**चमकता राजस्थान/जयपुर।** प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी है। रोडवेज की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्रीमती श्रेया गुहा ने शुक्रवार को इसके मध्यनजर यात्रियों को गर्मी से राहत देने एवं राज्य में कोई भी व्यक्ति प्यासा न रहें के उद्देश्य से सभी बस स्टैंड पर पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कर यात्रियों को शीतल पेयजल उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये है। रोडवेज की कार्यकारी निदेशक (प्रशासन) श्रीमती अनीता मीना ने बताया कि बस स्टैंड्स पर यात्रियों के लिये स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये छायादार स्थानों पर पेयजल, वाटलकूलर, आरओं आदि की व्यवस्था करने, उनके उचित रखरखाव एवं मरम्मत कर शीतलजल उपलब्ध कराने के लिये आदेश जारी किये गये है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि अधिकारियों को निगम के बस स्टैंड्स पर स्थित पानी की टंकी, प्याऊ की जाँच और नियमित साफ सफाई करने के लिए भी निर्देशित किया गया है। निगम द्वारा भामाशाओं, गैर सरकारी संगठनों, धार्मिक ट्रस्टों और समाजसेवियों को भी पक्षियों के लिए परिण्डे और चुग्गा पात्र लगाने और आवश्यक स्थानों पर पेयजल की व्यवस्था करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

### जूली ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र, पार्टी में उत्साह का नया संचार



**चमकता राजस्थान। अलवर /पंजाब।** कांग्रेस पार्टी के स्टार प्रचारक,नेता प्रतिपक्ष और पंजाब के गुरदासपुर के पर्यवेक्षक टीकाराम जूली ने गुरदासपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी सुखजिंदर सिंह रंधावा के समर्थन में हल्कोभोआ विधानसभा क्षेत्र के सुन्दरचक विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।जूली ने पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की रीड की हड्डी है,किसी भी प्रत्याशी और पार्टी की जीत में कार्यकर्ता का अहम किरदार होता है।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता वह कड़ी है जो पार्टी को मजबूत बनाने में अहम रोल निभाता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को कहा कि डोर टू डोर संपर्क कर कांग्रेस पार्टी के पक्ष में वोट करने की अपील के साथ-साथ इंडिया गठबंधन सरकार को देश में लाने के लिए सभी एकजुट होकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने क्षेत्र के विकास में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है इसलिए इस बार भी हम इन्हें वापस देश की सबसे बड़ी पंचायत में भेजकर गुरदासपुर लोकसभा क्षेत्र के विकास की एक नई तस्वीर बदलेंगे।

### भीषण गर्मी में आंगनबाड़ी केंद्रों के अवकाश की मांग,सौंपा ज्ञापन



**चमकता राजस्थान। शाहपुरा (खलील कुरैशी)** शाहपुरा उपखंड में पारा 42 डिग्री सेल्सियस होने पर लू और तपती धूप की भीषण गर्मी को देखते हुए रणवीर सेवा समिति के अध्यक्ष विजय चौहान,समिति महासचिव डॉ.पूरण मल बुनकर,दी बार एसोसिएशन संयुक्त सचिव राव राम सिंह यादव आदि ने शुक्रवार को आंगनबाड़ी केंद्रों व कार्मिकों के अवकाश की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी अशोक कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि भीषण गर्मी में भी आंगनबाड़ी केंद्रों में नन्हे बच्चों को बुलाया जा रहा है। आंगनबाड़ी केंद्र अब प्री स्कूल यानी शाला पूर्व शिक्षण केंद्र के रूप में भी संचालित हैं। भीषण गर्मी में राजकीय व निजी विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश 17 मई से प्रारंभ हो चुका है। लेकिन आंगनबाड़ी केंद्र में 6 वर्ष तक के नन्हे बच्चों को बुलाया जाता है। शाहपुरा ब्लॉक में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी केंद्रो में ना तो बिजली कनेक्शन है और ना ही पंखे हैं। कई में तो शौचालय तक नहीं है।आंगनबाड़ी केंद्रों के पास पास स्वयं का भवन नहीं होने से अधिकांश विद्यालयों के पुराने भवनों में चल रहे हैं। जिसके चलते आंगनबाड़ी केंद्र घर से दूर पड़ते हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों की छुट्टियां हो रही हैं, ऐसे में आंगनबाड़ी केंद्रों पर आने वाले छोटे बच्चों व कार्मिकों का भी अवकाश होना चाहिए।

## नवीन आपराधिक कानून-2023

# पुलिस महानिदेशक श्री साहू ने किया आईओ हैंडबुक व इंवेस्टिगेशन फ्लो चार्ट पोस्टर का विमोचन

### न्यू क्रिमिनल लॉज के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को निर्धारित टाइमलाइन में पूरा करे: डीजीपी

चमकता राजस्थान

**जयपुर!(खलील कुरैशी) 24 मई।** पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय में नवीन आपराधिक कानूनों (न्यू क्रिमिनल लॉज-2023) के संदर्भ में अनुसंधान अधिकारी (आईओ) के लिए हैंडबुक व अनुसंधान फ्लो चार्ट के पोस्टर का विमोचन किया आईओ हैंडबुक में पुलिस अनुसंधान प्रक्रिया का पुराने और नए कानूनों के संदर्भ में तुलनात्मक विवरण, राजस्थान पुलिस अधिनियम एवं रेगुलेशन के संदर्भित प्रावधान एवं विधि विज्ञान के अनुसंधान में उपयोगी सामग्री के साथ ही इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर्स के संदर्भ और विवेचन के लिए तार्किक फ्लो चार्ट एवं ब्रोशर का समावेश किया गया है। डीजीपी साहू ने इस अवसर पर अधिकारियों को हैंडबुक व इंवेस्टिगेशन फ्लो चार्ट की प्रतियों को पुलिस रेंज, जिला, वृत एवं थाना स्तर तक वितरण करने के लिए निर्देश देते हुए कहा कि 'न्यू क्रिमिनल लॉज-2023' के बारे में प्रदेश में जारी प्रशिक्षण कार्यक्रमों को निर्धारित टाइमलाइन में पूरा करें।



### अब तक की कार्यवाही

उल्लेखनीय है कि पुलिस मुख्यालय के स्तर पर गृह मंत्रालय भारत सरकार के आदेशों की अनुपालना में 13 जनवरी, 2024 को नवीन आपराधिक कानून-2023 के क्रियान्विति किये जाने के लिये 07 विभिन्न समितियों का गठन किया गया था और अतिरिक्त महानिदेशक, पुलिस प्रशिक्षण श्रीमती मालिनी अग्रवाल को राज्य में प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं उप महानिरीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण श्री राहुल कोटोकी को नवीन आपराधिक कानूनों-2023 के क्रियान्वयन तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी बनाया गया है। वहीं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों को जिला स्तर पर नोडल अधिकारी बनाया गया है। प्रदेश में इन कानूनों के सम्बंध में गत फरवरी माह में डीजीपी की अध्यक्षता में पुलिस मुख्यालय स्तर पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों का सेमिनार आयोजित किया गया। इसमें अतिरिक्त महानिदेशक, महानिरीक्षक, उप महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के 72 पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। इसी सिलसिले में जिला प्रशिक्षण केन्द्रों पर पुलिस बल को ऑफलाईन, ऑनलाईन, सीडीटीआई एवं प्रशिक्षण संस्थानों के माध्यम से नवीन आपराधिक कानूनों का प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 300 मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए, जो जिलों व प्रशिक्षण संस्थानों में पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं।

### प्रदेश में करीब 12 हजार पुलिस ऑफिसर्स एवं पुलिसकर्मियों का प्रशिक्षण पूर्ण

» डीजीपी साहू ने बताया कि आगामी 01 जुलाई से देश में लागू होने वाले नवीन आपराधिक कानूनों के बारे में राज्य में पुलिस अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित करने की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक लगभग 12,000 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नवीन आपराधिक कानूनों–2023 का प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है, जून–2024 के अन्त तक राज्य के समस्त पुलिस अनुसंधान अधिकारियों की ट्रेनिंग पूरी कर ली जाएगी।

### ये रहे मौजूद

» डीजीपी द्वारा पुलिस मुख्यालय में नवीन आपराधिक कानूनों की आईओ हैंडबुक व अनुसंधान फ्लो चार्ट पोस्टर के विमोचन के अवसर पर अतिरिक्त महानिदेशक, क्राइम दिनेश एम. एन, अतिरिक्त महानिदेशक, भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड सचिन मित्तल, उप महानिरीक्षक, पुलिस प्रशिक्षण राहुल कोटोकी, इंटेलिजेंस ट्रेनिंग अकादमी के निदेशक दीपक भार्गव एवं पुलिस अधीक्षक जयपुर (ग्रामीण) शांतनु कुमार सिंह के अलावा नवीन आपराधिक कानून–2023 के क्रियान्विति से संबंधित समितियों के सदस्यों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धनपत राज, शालिनी सक्सेना एवं सुशीला यादव, उप पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र सिंह, पुलिस निरीक्षक दीपक यादव, धीरज वर्मा एवं पंकज राज तथा एसआई सोनिया तंवर मौजूद रहे।

## गहलोत सरकार में नि:शुल्क सेनेटरी नैपकीन वितरण के नाम पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पर दबाव बनाकर फर्जी रसीदों से हुआ था भुगतान: मुकेश दाधीच

चमकता राजस्थान/जयपुर।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने उड़ान योजना के तहत महिलाओं को बांटे जाने वाले निःशुल्क सैनेटरी नैपकीन वितरण को लेकर पूर्व सीएम अशोक गहलोत के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस को प्रदेश की जनता ने रिजेक्ट कर दिया वह अब किस मुंह से जनहित का दावा कर रहे हैं। दाधीच ने कहा कि ''सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली'' वाली कहावत पूर्व सीएम गहलोत पर फिट बैठती है। पिछली गहलोत सरकार में प्रदेश के भीलवाड़ा, उदयपुर, बांसवाड़ा, जयपुर सहित एक दर्जन से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रो पर सैनेटरी नैपकीन के घोटाले सामने आए थे। कांग्रेस सरकार के समय प्रदेश में उड़ान योजना के तहत महिलाओं को निःशुल्क सेनेटरी नैपकीन बांटने का दावा पूरी तरह खोखला साबित हुआ था, हैरानी की बात यह है कि यह योजना धरातल पर उतर ही नहीं पाई। आज जब प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को सत्ता से बाहर खदेड़ दिया तो मनगढ़तं आरोप लगाकर अपनी खीज उतार रहे हैं।


भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने कहा कि पूर्व सीएम अशोक गहलोत के शासनकाल में महिलाओं और बालिकाओं को निःशुल्क सेनेटरी नैपकीन बांटने के नाम पर करोड़ों रूपए का घोटाला किया गया। महिला अधिकारिता विभाग की ओर से भीलवाड़ा जिले की 2217 आंगनबाड़ी केंद्रों पर हर माह 4 लाख 70 हजार सैनेटरी नैपकिन निःशुल्क वितरण करना बताया, जबकि जिले की 70 प्रतिशत से अधिक महिलाओं को सेनेटरी नैपकिन वितरित ही नहीं किए गए। वहीं रिकॉर्ड में पूरी सप्लाई बताकर करोड़ों का भुगतान उठा लिया। इतना ही नहीं, गहलोत सरकार के अधिकारियों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पर दबाव



बनाकर फर्जी रसीदे तक बनवाई और फर्जी रसीद नहीं देने पर सप्लायर द्वारा फर्जी साइन कर भुगतान उठा लिया था।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार के समय आरएमएससीएल द्वारा 2022 में टेंडर किये गये फाईनेंशियल बिड खुलने के बावजूद कंपनी ने सैनेटरी नैपकीन खरीदे ही नह-ीं। जिसके चलते प्रदेश की 21 लाख महिलाओं तक सेनेटरी नैपकीन नहीं पहुंच पाए।

## जल सेवा सबसे बडा परमार्थ है: दिया कुमारी



चमकता राजस्थान/जयपुर।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शुक्रवार को विद्याधर नगर के झोटवाड़ा में वार्ड न 40 के गणेश मंदिर पार्क में भीषण गर्मी से त्रस्त पक्षियों और छोटे जीवजंतुओं के लिए परींदे बांधे। उपमुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि क्लाइमेट चैंज के कारण हर साल गर्मियों में तापमान बढता जा रहा है, ऐसे में ये हम सब की जिम्मेदारी है कि नीरीह पक्षियों और जानवरों के लिए भी पीने के पाने की व्यवस्था हो। दिया कुमारी ने अपील की कि क्षेत्रवासी इन परींडो के माध्यम से रोज पक्षियों को पानी उपलब्ध करवाये और पुण्य प्राप्त करे। इस अवसर पर उन्होंने आमजन की समस्याएं भी सुनी और मौजूद अधिकारियों को तुंरत समाधान करने के निर्देश भी दिये।

## जशोदा बेन बुधवार रात जयपुर में रुकी अपने रिश्तेदार के घर

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पत्नी श्रीमति जशोदा बेन बुधवार अलवर में एक शादी समारोह के कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। करीब 7:30 बजे वहां से जयपुर के लिए खाना होकर रात 12:15 बजे मानसरोवर स्थित अपनी समाज के एक निजी रिश्तेदार मोहनलाल साहू व उनके पुत्र निखिल साहू के घर पर पहुंच कर वहां रुकी। सुबह कॉलोनी वासियों ने माला पहन कर स्वागत किया और मोहनलाल की पत्नी रेणुका ने साड़ी भेट कर जशोदा बेन का स्वागत किया और अगले दिन करीब 8:00 बजे वहां से गुजरात के लिए रवाना हुई।



# नगरीय विकास व आवासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव ने ली समीक्षा बैठक

## ई-फाईलिंग एवं राजस्व अर्जन तथा आमजन के सामान्य कार्यो में ढिलाई बरतने पर आठ सचिव विकास प्राधिकरण एवं नगर विकास न्यास को कारण बताओ नोटिस दिये गये



चमकता राजस्थान/जयपुर।

प्रमुख शासन सचिव श्री टी. रविकांत ने नगरीय विकास विभाग एवं आवासन विभाग की समीक्षा बैठक ली। बैठक में समस्त आयुक्त, विकास प्राधिकरण एवं सचिव न्यास ने भाग लिया। वीसी के माध्यम से हुई इस बैठक में प्रमुख शासन सचिव ने अधिकारियों से विभागीय कार्यों की समीक्षा की और कार्यों में तेजी लाने के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सिटीजन सर्विसेज से संबंधित लंबित प्रकरणों में लापरवाही बरतने पर सचिव, बीकानेर नगर विकास न्यास एवं सचिव, कोटा विकास प्राधिकरण ई-फाईलिंग में कम प्रगति पर सचिव, कोटा विकास प्राधिकरण, सचिव, न्यास आबू, बाड़मेर, बीकानेर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, पाली एवं सीकर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

राजस्व अर्जन में बहुत कम राजस्व प्राप्ति पर सचिव, नगर विकास न्यास बाड़मेर व पाली को कारण बताओ नोटिस जारी किया जायेगा- प्रमुख शासन सचिव श्री टी. रविकान्त द्वारा यह निर्देश दिये की आगामी 15 दिवस में ई-फाइल का कार्य सम्पूर्ण करेंगे। उनके द्वारा सभी विकास प्राधिकरण की जोन उपायुक्त स्तर तक भी सिटीजन सर्विसेज कार्यों की समीक्षा की गई। जिसकी 7 दिनों पश्चात पुनः समीक्षा की जायेगी।

वीसी में जयपुर, अजमेर, जोधपुर, कोटा, उदयपुर के विकास प्राधिकरणों के आयुक्त एवं सचिव, आयुक्त, राजस्थान आवासन मंडल, उप शासन सचिव, सचिव, नगर विकास न्यास, जेएमआरसी के निदेशक, मुख्य नगर नियोजक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929